जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 52 प्रभात अजमेर, शुक्रवार 20 सितम्बर, 2024 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 2019 के विधानसभा चुनाव में, हरियाणा में आप को नोटा से भी कम वोट मिले थे

## तो फिर अब, विधानसभा चुनाव में ''आप'' हरियाणा की सभी सीटों पर उम्मीदवार क्यों खड़े कर रही है?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा की भांति आप भी ''अरबन सैन्ट्रिक'' (शहर उन्मुख) पार्टी है। अतः आप पार्टी के उम्मीदवार, शहरी इलाकों में कांग्रेस को पैर पसारने का मौका नहीं देंगे।
- वैसे भी जनता में यह ही छवि है कि आप भाजपा की ''बी'' टीम है। इस ''थ्योरी'' (सोच) को इस बात से भी बल मिलता है कि क्या यह केवल एक संयोग है कि जिस दिन केजरीवाल ने घोषणा की कि उनकी पार्टी हरियाणा में सभी विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार खड़े करेगी, उसके अगले दिन ही उनको जमानत मिल गयी और वे जेल से रिहा कर दिये गये।

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। क्या यह मात्र संयोग ही है कि आप नेता अरविंद केजरीवाल को उनकी पार्टी के हरियाणा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के ठीक एक दिन बाद ही जमानत मिल गई?

वर्ष 2019 के चुनावों में भी आप ने 46 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किए थे, पर, पार्टी का प्रदर्शन बहुत ही बुरा रहा। आप प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले। चुनाव आयोग के अनुसार उस चुनाव में आप को 0.48 प्रतिशत वोट मिले थे तो नोटा को 0.53 प्रतिशत वोट मिले थे।

इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में आप ने कुरूक्षेत्र सीट से चुनाव लड़ा पर हार गई, इसलिए आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा अप्रत्याशित रूप से हरियाणा पर जरूरत से ज्यादा जोर देने पर सवाल उठ रहे है। शुक्रवार को केजरीवाल जगधारी में अपनी पहली सार्वजनिक सभा करेंगे। फिर अगले कुछ दिनों में वे 11 जिलों में 13 सभाएं करेंगे। जिन जगहों पर उनकी सभा होगी उनमें प्रमुख है डबवाली, रानिया, भिवानी, मेहम, असंद, कालायत और बल्लभगढ़। आप सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल की रैली का कार्यक्रम जल्द ही घोषित होगा।

इसके अलावा गुड़गांव व पंजाब से सटे भागों में भी आप का प्रभाव है, इस प्रकार आप हरियाणा में तो नॉन प्लेयर ही है, इसलिए चर्चा है कि क्या आप से भाजपा का वोट काटेगी या कांग्रेस का? भाजपा की तरह आप भी शहरी पार्टी है। एक सोच यह है कि आप की मौजूदगी शहरी क्षेत्र में कांग्रेस का प्रसार रोक देगी।

हरियाणा में केजरीवाल के भाषणों से यह भी पता चलेगा कि अगले वर्ष दिल्ली चुनाव के लिए आप और कांग्रेस के गठबंधन की संभावनाएं नकारात्मक हैं या सकारात्मक!

केजरीवाल व मनीष सिसोदियाव संजय सिंह सहित 28 आप नेता जेल भेजे गए। इसके बाद भी आप यह धारणा नहीं हटा पा रही है कि यह भाजपा की बी टीम है इसलिए इस बात को लेकर भारी उत्सुकता है कि आने वाले दिनों में केजरीवाल कौन सा रास्ता चुनते हैं।

# नड्डा ने कहा, राहुल ''फेल्ड प्रॉडक्ट''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से हताश भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने उन्हें जनता द्वारा बार-बार ठुकराया हुआ ''फेल्ड प्रॉडक्ट'' बताया। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने बताया कि जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों से जो ग्राउण्ड रिपोर्ट्स मिली हैं उससे पता चलता है कि जनता में कांग्रेस की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लोग इस कांग्रेस का बेहतर

- भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र के जवाब में कहा कि राहुल गांधी फेल्ड प्रॉडक्ट हैं, जिन्हें खड़गे प्रमोट कर रहे हैं।

विकल्प मान रहे हैं। इससे चिंतित होकर मोदी और शाह ने राहुल गांधी पर हर तरफ से हमला करने का निर्णय लिया है।

हाल ही में खड़गे ने मोदी को पत्र लिखा था, जिसमें भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को हत्या की धमकी दिए जाने पर चिंता जताई गई थी, इस पत्र पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा में भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र जारी

## भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रोहतक में चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हुए 2 लाख युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भाजपा के घोषणा पत्र में सभी महिलाओं को 2100 रूपए मासिक, कॉलेज छात्राओं को स्कूटी देने तथा दस लाख रूपए तक का इलाज निशुल्क कराने का वादा किया गया है।
- नड्डा ने कहा, सत्ता में आने पर भाजपा 10 मॉडल औद्योगिक टाउनशिप बनाएगी तथा बी.पी.एल. परिवारों के लिए 5 लाख मकान बनाएगी।

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने हरियाणा के विधानसभा चुनावों के लिये अपनी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी कर दिया। इस घोषणा पत्र में किये गये कुछ वादे इस प्रकार हैं- महिलाओं को 2100 रु. मासिक देना, कॉलेज छात्राओं को स्कूटी देना, सरकारी तथा निजी अस्पतालों में निशुल्क डायलेसिस सुविधा प्रदान करना, सरकारी तथा निजी अस्पतालों में निशुल्क जाँच - सुविधा उपलब्ध कराना, 10 लाख रु. तक का निशुल्क इलाज सुनिश्चित करना तथा 70 वर्ष एवं इससे अधिक उम्र के लोगों को 5 लाख रु. के अतिरिक्त इलाज की सुनिश्चितता प्रदान करना।

नड्डा द्वारा रोहतक में जारी किये गये भाजपा के घोषणा पत्र में यह घोषणा भी की गई है कि 2 लाख युवाओं को मैरिट आधार पर सरकारी नौकरियाँ दी जायेंगी तथा 5 लाख युवाओं को उनके कौशल में वृद्धि सुगम बनाई जायेगी तथा उन्हें मासिक स्टाइपेंड दिया जायेगा।

नड्डा ने घोषणा की कि सत्ता में आने पर भाजपा 10 मॉडल औद्योगिक टाउनशिप सृजित करेगी तथा 50,000 युवाओं को नजदीकी क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करायेगी। हरियाणा में 24 फसलों को मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एम.एस.पी.) मिलना जारी रहेगा तथा ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बी.पी.एल. परिवारों के लिये 5 लाख मकान बनाये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि बी.पी.एल. परिवारों की महिलाओं को 500 रु. में एल.पी.जी.सिलैंडर मिलते रहेंगे, जैसा कि कांग्रेस ने भी कहा है। हरियाणा सरकार अग्निवीरों को हरियाणा में गारंटीड नौकरी देगी।

नड्डा ने वादा किया कि दिल्ली से चंडीगढ़ तक सड़क यात्रा तथा रेल यात्राओं में सुधार किया जायेगा तथा ये दोनों सुविधाएं हरियाणा के विभिन्न जिलों से होकर गुजरेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी 36 जातियों, खासतौर से पिछड़े वर्गों के अपने पृथक वैलफेयर बोर्ड होंगे तथा सरकार प्रत्येक बोर्ड को वित्तीय सहायता उपलब्ध करायेगी।

नड्डा ने कहा कि मेडिकल या

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन अपने कर्मचारियों की रिटायरमैंट एज 5 वर्ष बढ़ायेगा?

## इससे चीन ने पैन्शन का भुगतान आगे खिसका दिया, पर, युवाओं में बेरोज़गारी और बढ़ा दी

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भारत पर इसका तत्कालिक असर तो ठीक नहीं है, क्योंकि चीन छोड़कर जा रही विदेशी कम्पनियों का पलायन कुछ धीमा पड़ेगा।
- अन्ततोगत्वा इसका लाभ ही मिलेगा, भारत को, क्योंकि अनुभवी पुराने कर्मचारी का वेतन व अन्य सुविधाएं चीन के ''लेबर फोर्स'' को मंहगा कर देगा, भारत की युवा पीढ़ी के कर्मचारियों की तुलना में।

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। सेवानिवृत्ति आयु को पांच साल बढ़ाने के चीन के निर्णय के पीछे कारण है- देश की गिरती अर्थव्यवस्था तथा रिटायर होने वालों को दी जाने वाली पैंशन का भारी बोझ। पुरुषों के लिए सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़कर 63 वर्ष हो जाएगी तथा ऑफिसों में काम करने वाली महिलाओं के लिए 55 से 58 वर्ष। ये परिवर्तन 1 जनवरी, 2025 से लागू होंगे।

अधिकतम विकसित देशों में पुरानी रिटायरमैंट एज इनसे कम थीं। जापान में लोग 65 वर्ष की आयु में पैंशन ले सकते हैं, जबकि कोरिया में पैंशन पाने की आयु 63 वर्ष है।

सामाजिक वैज्ञानिक महसूस करते हैं कि इस नीति का प्रभाव युवाओं के रोजगार पर तथा बच्चे पैदा करने की उनकी इच्छा पर पड़ सकता है। वर्तमान में बहुत से लोग अपने सेवानिवृत्त माता-पिता द्वारा अपने बच्चों का पालन पोषण कराना पसंद करते हैं और सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ जाने पर इस व्यवस्था में बाधा आएगी।

लेकिन इस निर्णय को लेकर सोशल मीडिया पर जो पब्लिक डिबेट शुरू हुई है, उसमें कई लोगों ने इस नीति का विरोध किया है। एक लोकप्रिय तर्क यह दिया जा रहा है कि अब सभी पीढ़ियों के लिए चिंता का कोई कारण है : युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा क्योंकि बूढ़े रिटायर नहीं होंगे।

लेकिन, रिटायरमैंट एज बढ़ने का भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा? जैसे-जैसे चीन अपनी रिटायरमैंट एज बढ़ाएगा, वैसे-वैसे वो संभवतः अपनी लेबर फोर्स में अधिक अनुभवी कर्मचारियों को लंबे समय तक बनाए रखेगा। इससे उसकी कामकाजी उम्र की आबादी में कमी धीमी होगी, जिससे चीन लेबर इन्टैन्सिव सैक्टर (श्रम प्रधान क्षेत्रों) प्रतिस्पर्धी बना रहेगा। भारत, जिसके पास युवा वर्क फोर्स है और जो खुद को वैकल्पिक ''मैनुफैक्चरिंग हब'' के रूप में स्थापित कर रहा है, को वैश्विक नौकरियों और निवेशों में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

भारत अपनी युवा आबादी के कारण लाभ की स्थिति में है, जिसे अक्सर ''डैमोग्रैफिक डिविडैन्ड'' (जनसांख्यिकीय लाभांश) कहते हैं। जैसे-जैसे चीन की आबादी बूढ़ी होती है, भारत उन कंपनियों को आकर्षित कर सकता है, जिन्हें युवा व सस्ते श्रमिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे कांग्रेस में शामिल

मुंबई, 19 सितंबर। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे अब राजनीतिक पारी खेलेंगे। संजय पांडे ने गुरुवार को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। संजय पांडे ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि साल2004 से ही वे कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे लेकिन सही वक़्त अब आया है।

संजय पांडे ने दावा किया कि इस बार प्रदेश में इंडिया गठबंधन की

- संजय पांडे को अवैध फोन टैपिंग के मामले में ई.डी. ने जुलाई 22 में गिरफ्तार किया था तथा 5 महीने बाद वे उन्हें जमानत मिली थी।

सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जब महा विकास अघाड़ी सत्ता में आएगी तो आम आदमी को डरने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने महायुति (एनडीए) की आलोचना करते हुए कहा कि मैं कह सकता हूं कि मेरे खिलाफ कैसे झूठे मामले दर्ज किए गए थे।

संजय पांडे के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस नेता असलम शेख़ ने कहा भाजपा को संजय पांडे के कांग्रेस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हाय राम, तिरुपति लड्डू के साथ ये क्या किया

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पूर्व मुख्यमंत्री पर तिरुपति लड्डू में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का आरोप लगाया

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- जिस तरह से जगन मोहन रेड्डी इसाईयत को प्रमोट करते रहे हैं उसे देखकर राज्य की हिंदू जनता चंद्रबाबू के आरोप को सही मान रही है।
- जनता का आरोप है कि जगनमोहन रेड्डी ने तिरुपति मंदिर प्रशासन में भी गैर हिंदुओं को नियुक्त किया था तथा कई प्रकार से तिरुपति मंदिर का दुरुपयोग किया था।
- ये आरोप जगन मोहन रेड्डी का राजनैतिक करियर भी खत्म कर सकते हैं, इसलिए हतप्रभ जगन मोहन रेड्डी ने इन आरोपों का जोरदार खंडन किया, पर जनता भरोसा नहीं कर रही है।

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। श्रीबालाजी मंदिर द्वारा संचालित 'तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम' में प्रसाद के तौर पर बाँटा जाने वाला 'तिरुपति लड्डू' जिसे पाने की चाहत सभी को होती है, ने एक प्रचंड राजनैतिक बम का रुप ले लिया है, तथा इससे आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा क्षेत्रीय दल 'वाई.एस.आर.सी.पी. नेता वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी के राजनैतिक कैरियर पर पूर्ण विराम लगने का खतरा पैदा हो गया है।

उन पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने सुप्रसिद्ध तिरुपति लड्डू को बनाने में जानवरों की चर्बी (एनिमल फैट) के इस्तेमाल की अनुमति प्रदान कर दी थी, और पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात का जबरदस्त रुप से खंडन किया है। लेकिन विशेष बात यह है कि उनके खंडन के बाद, इस बात पर और ज्यादा व्यापक स्तर पर तथा सहज ही विश्वास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के रुप में जगनमोहन रेड्डी के पूरे कार्यकाल में, उनकी एक बड़ी आलोचना इस बात को लेकर होती थी कि वे अनेकानेक प्रकार से राज्य में ईसाई धर्म को प्रोत्साहित करते रहे हैं तथा ईसाइयत का प्रचार-प्रसार करने के लिये, ''तिरुपति के पवित्रतम मंदिर तथा मंदिर नगरी का दुरुपयोग कर रहे हैं। और मंदिर के प्रशासन में गैर हिंदुओं को नियुक्त करते रहे हैं।

लेकिन आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चन्द्रबाबू नायडू ने यह स्तब्ध कर देने वाला रहस्योद्घाटन किया कि प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू, जिसे जी.आई. टैग मिला हुआ, को बनाने में जानवरों की चरबी काम में ली जा रही थी।

नायडू ने यह रहस्योद्घाटन बुधवार को पार्टी की एक मीटिंग में किया तथा तभी से तिरुपति लड्डू ने एक ऐसे राजनैतिक बम का रुप ले लिया, जो जगनमोहन रेड्डी के मुंह पर फट गया है। इस खबर से भौंचक्के रह गये पूर्व मुख्यमंत्री ने इसका खंडन किया है तथा झूठी और निराधार बात बताकर, इसे खारिज किया है।

मंदिर नगरी में प्रसादम, तिरुपति लड्डू को बनाने में सर्वोत्तम घी काम में लिया जाता है। इस लड्डू में एक विशिष्ट महक, स्वाद, लम्बे समय तक यथावत रहने की क्षमता तथा ऐसी अन्य गुणवत्ता होती है तथा इस सब विशिष्टताओं का कारण इनको बनाने में काम ली जा रही चीजों की गुणवत्ता ही होती है।

लेकिन जब नायडू ने यह दावा किया कि ''तिरुमला लड्डू भी घटिया चीजों से बनाया जाता था,....(इसके बनाने में) घी की जगह जानवरों की चर्बी काम में ली जाती थी, तो जबरदस्त हड़कम्प मच गया तथा तेलुगू देशम पार्टी और भाजपा इन आरोपों, जो स्तब्ध कर देने वाले हैं, के सिलसिले में मंदिर नगरी जा रहे हैं।

नायडू ने कहा, मंदिर को अपवित्र कर देने वाली ये स्तब्धकारी बातें सामने आने के बाद, विशेष पूजा के द्वारा पूरे मंदिर तथा परिसर को शुद्ध किया जायेगा। अत्यधिक महत्वपूर्ण वार्षिक ब्रह्मोत्सव का आयोजन करीब एक पखवाड़े के अन्दर 'महालय' पक्ष की समाप्ति के बाद शुरु होना है।

आन्ध्र प्रदेश का आम आदमी पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाये गये इन आरोपों पर सहज ही विश्वास कर रहा है। तिरुपति से 630 किमी. दूर काकीनाडा कस्बे के रहने वाले एक व्यक्ति ने कहा, ''हम सच्चाई के बारे में नहीं जानते। लेकिन जिस तरीके से जगनमोहन रेड्डी ईसाइयत का पक्ष लेते थे तथा हिन्दू धर्म को नुकसान पहुँचा रहे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज खत्म होगी

कोलकाता, 19 सितंबर। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आर.जी. कर अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर दी है। डॉक्टरों ने

- सूत्रों ने बताया जूनियर डॉक्टर्स शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन से सी.बी. आई. दफ्तर तक जुलूस निकालेंगे और शनिवार के काम पर लौटेंगे।

ऐलान किया है कि वे लोग 41 दिन बाद शनिवार से काम पर लौटेंगे।

जानकारी के अनुसार, जूनियर डॉक्टर शुक्रवार को अपनी हड़ताल वापस लेंगे। वे लोग शनिवार को काम पर लौटेंगे। शनिवार से आपातकालीन सेवाएं फिर से शुरू होंगी लेकिन ओ.पी.डी.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अमेरिका, रूस के संयम को कमज़ोरी समझने की भारी गल्ती कर रहा है'

## डॉनल्ड ट्रम्प के पुत्र व जॉन एफ. कैनडी के भतीजे ने एक संयुक्त लेख लिखकर अमेरिका के प्रभावशाली ''एसटैबलिशमैंट'' (प्रशासनिक ढांचे) में भूकम्प पैदा कर दिया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इस लेख में दोनों ने लिखा है कि बार-बार यूक्रेन-रूस युद्ध में यूक्रेन का साथ देकर, अमेरिका और रूस में आमने-सामने बंदूक तानने की नौबत आ गई है तथा न्यूक्लियर युद्ध भड़कने की प्रबल आशंका बन गई है, जो अन्ततोगत्वा अमेरिका के हित में नहीं है।
- लेख में यह चेतावनी भी दी है कि अब जो दबाव बन रहा है कि अमेरिका पर, कि वह यूक्रेन को अपनी ''दूर मारक मिसाइल'' को रूस के अंदरूनी क्षेत्रों में हमला करने की इजाज़त दे दे वह बहुत अनुचित है तथा रूस को खुलकर अमेरिका पर न्यूक्लियर हमला करने का अंतिम बहाना न दे दे।

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। यह एक तरह का विद्रोह है। अमेरिकन एस्टैब्लिशमैंट के कुछ महत्वपूर्ण सदस्यों ने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यूक्रेन संकट के मुद्दे पर अमेरिका का रूस के साथ परमाणु युद्ध होने का खतरा है जो कि देश हित में नहीं है।

उन्होंने सुझाव दिया की अमेरिका को रूस के साथ वार्ता कर यूक्रेन संकट खत्म करने पर विचार करे।

एक संयुक्त बाइलाइन आलेख में डॉनल्ड ट्रम्प जूनियर, जो कि डॉनल्ड ट्रम्प के पुत्र हैं और पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी, जिनकी हत्या हुई थी, के भतीजे रॉबर्ट एफ कैनेडी ने यह कहा कि मौजूदा प्रशासन रूस के संयम को कमज़ोरी समझने की भूल कर रहा था और इसके गंभीर नतीजे, जैसे परमाणु युद्ध, हो सकते थे।

उन्होंने कुछ ग्राफिक तुलनाओं का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि आप अगर किसी भालू से 5 बार छेड़खानी करते हैं और अगर उसने प्रतिक्रिया नहीं दी तो क्या यह मानकर कि वह प्रतिक्रिया नहीं देगा उसको छठीं बार भी परेशान किया जाना चाहिए। यह बहुत खतरनाक और विनाशकारी हो सकता है।

यह आलेख वॉशिंगटन के एक अखबार ''द हिल'' में छपा है, जो वॉशिंगटन में काफी लोकप्रिय है। मौजूदा प्रशासन पर हमला और युक्रेन संकट पर रूस की प्रतिक्रिया का गलत आंकलन देश के लिए विनाशकारी हो सकता है।

इस आलेख से अमेरिका के अभिजात्य वर्ग में खलबली मच गई है। कुछ लोग महसूस करते हैं कि यह समय रहते दी गई चेतावनी है तो कुछ का कहना है कि इससे रूस को निराधार आरोप लगाने का प्रोत्साहन मिलेगा और यह अमेरिका को रूस के साथ सीधे टकराव में ले आएगा।

अमेरिकन पावर प्ले और निर्णय लेने वाले समूह से संबंधित दो लोगों की यह आवाज़ असल में अमेरिका के उच्च वर्ग के एक धुर दक्षिणपंथी तथा अलगाववादी गुट की आवाज़ है। दक्षिणपंथी लोगों की सोच पर इनकी आवाज़ का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

इस आलेख में कहा गया है कि अमेरिका यूक्रेन की सेना को रूस के सैन्य अड्डों व हथियारों की सूचना दे रहा है, यही नहीं यूक्रेन की सेना को ट्रेनिग व अत्याधुनिक हथियार दे रहा है।

अब अमेरिका यूक्रेन को रूस पर अदंर तक हमले के लिए अमेरिका में बनी लम्बी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे रहा है और यह चरम स्थिति हो सकती है। यूक्रेन से अगर रूस पर भारी भीतरी हमला होता है तो रूस कठोर प्रतिक्रिया दे सकता है।

बुधवार को ही यूक्रेन ने रूस में काफी अंदर बने हथियार डिपो पर हमला

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अग्निवीरों को सरकारी नौकरी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। पाँच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों

- भाजपा ने हरियाणा मैनिफैस्टो में घोषणा की।

के लिये अपने 20-सूत्रीय चुनाव घोषणा पत्र में, भारतीय जनता पार्टी ने हर सेवानिवृत्त अग्निवीर के लिये सरकारी नौकरी का वादा किया है। घोषणा पत्र में बेरोजगार युवाओं से उन दो लाख खाली पदों को भरने का वादा भी किया है, जो पिछले पाँच वर्ष में उन्हें नहीं दिये गये।

## विचार बिन्दु

झूठ की सज़ा यह नहीं कि उसका विश्वास नहीं किया जाता बल्कि वह किसी का विश्वास नहीं कर सकता। –शेक्सपियर

# गिरफ्तारी बनाम जमानत (Arrest Versus Bail)

वह युग समाप्त हो चुका है जब 'दांत के बदले दांत' अथवा 'आंख के बदले आंख' न्याय का तरीका था। भारत ने जब अपना संविधान बनाया, उस समय देश Universal Declaration of Human Rights (UDHR) से अच्छी तरह परिचित था। देश के लोग समझते थे कि मानव अधिकारों को दो भागों में बांटा जा सकता है। प्रथम है सिविल व राजनीतिक अधिकार तथा द्वितीय है आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक अधिकार। देश के लोगों ने संकल्प लिया कि सभी को न्याय मिलेगा, सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि हमारे मूल अधिकार (Fundamental Rights) हमारे संविधान के अभिन्न अंग हैं और इनमें ही निहित हैं, मानव अधिकार। अतः हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि मानव अधिकार हमारे मूल अधिकार हैं और वे कोर्ट में प्रवर्तनीय हैं। संविधान के चेप्टर III में मूल अधिकार हैं जो हमारे राजनीतिक अधिकार हैं और चेप्टर IV में हमारे सामाजिक व आर्थिक अधिकार हैं। सन 1966 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव की गरिमा को ऊँचा धरातल मिला और दो संधियों का जन्म हुआ। International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) 1966 व International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (ICESCR), 1966 भारतीय संविधान की व्याख्या करते हुये सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 14 व अनुच्छेद 21 को जिनमें समानता Right to Life Je Liberty को बहुत महत्वाकांक्षी ऊँचाईयों तक पहुँचाया है।

फौजदारी कानून के निम्नलिखित मान्य सिद्धान्त है जिनकी पालना करना न्याय के लिये आवश्यक है। ये मान्य सिद्धान्त हमें संविधान, मानव अधिकारों में तथा ICCPR, 1966, Criminal Procedure Code, 1973 में देखने को मिलेंगे :–

1) जिस व्यक्ति के विरूद्ध अपराध का चार्ज है वह उस समय तक निर्दोष माना जावेगा, जब तक कानून की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही में वह दोषी नहीं पाया जाता। (ICCPR. DevegÛÚso 14(2))

2) प्रत्येक व्यक्ति को Right to Liberty and Security of Person प्राप्त है। जिस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना है उसे गिरफ्तारी के समय गिरफ्तारी के कारण व विवरण दिये जावेंगे। उसे यह भी बताया जायेगा कि उसके विरूद्ध आरोप क्या है? उसे 24 घंटे में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाना आवश्यक है। गिरफ्तारी अवैध होने पर वह हर्जा प्राप्त करने का अधिकारी भी होगा। (ICCPR के अनुच्छेद 9(2)(3)(4)(5)

3) फेयर व स्पीडी ट्रायल व्यक्ति का मूल अधिकार है।

4) प्रोसिक्यूशन को साबित करना होगा कि आरोपी दोषी है। आरोपी निर्दोष है, अतएव शंका का लाभ उसे प्राप्त होगा।

5) कई देशों में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद जमानत का अधिकार नहीं है। आरोपी जेल में रहेगा, जब तक ट्रायल पूरी नहीं होगी। भारत में दो प्रकार के फौजदारी केस हैं। जमानती व गैर जमानती (Bailable or Nonbailable) देश में Anticipatory Bail (Oeeje 437 Cr.P.C) का भी प्रावधान है। जमानत देना/न देना कोर्ट के विवेक पर निर्भर रहता है। देश में Detention के कानून हैं जहां जमानत नहीं दी जाती अथवा जमानत दिये जाने के कठिन कारण हैं। TADA, POTA, MCOCA व PMLA, 2002 (धारा 45) चूंकि ये कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंध रखते हैं अतः न्यायालय जो न्याय के मंदिर हैं वे सूक्षम दृष्टि से इन प्रावधानों का विश्लेषण करते हैं और इन के प्रावधानों को संविधान के विरूद्ध पाये जाने पर गिरफ्तारी को निरस्त करते हैं। दिल्ली शराब नीति/PMLA के मामलों में केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के नेताओं को Bail दी है। PMLA की धारा 45 के होते हुये भी, जमानत के मूल संदेश की पालना में जमानत ली है और 'BAIL' – 'NO JAIL' के सिद्धान्त को धारा 45 में In Buil मानकर जमानत ली है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने डायक्टोरेट एन्फोर्समेन्ट बनाम दिलीप कुमार घोष, अभिषेक बनर्जी, बी स्नेथिल बालाजी के केस में जमानत दी है। कोर्ट ने करार दिया कि गिरफ्तारी क्यों की गई, इसके विवरण नहीं दिये और स्वयं आरोपी को भी व्यक्तिगत रूप से गिरफ्तारी के कारण नहीं बतलाये अतः गिरफ्तारी ही अवैध है। केजरीवाल व उनके साथियों, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह आदि की माननीय सुप्रीम कोर्ट के जमानत केवल इस आधार पर ली है कि परिस्थितियों को देखते हुये केस के शीघ्र निर्णय की दूर–दूर तक कोई संभावना दिखाई नहीं देती अतः Bail दी गई।

**केजरीवाल व उनके साथियों के विरूद्ध जो केस चले हैं, मजिस्ट्रेट से सुप्रीम कोर्ट तक सबमें गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती दी गई है। मनीष सिसोदिया व केजरीवाल तथा उनके साथियों को जमानत मिल चुकी है। दिनांक 13.09.2024 के आदेश से माननीय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने केजरीवाल को सशर्त जमानत दी है।**

UDHR के बाद से जो भी अन्तर्राष्ट्रीय संधियां देशों के बीच में हुई, उनका प्रधान कारण था मानव की गरिमा की व जीवन की रक्षा करना। अतः यह आवश्यक माना गया कि हस्ताक्षरकर्ता देश अपने अपने कानूनों मे तत्संबंधित विषय पर कानून बनायेंगे। आजादी के बाद देश ने अपना संविधान ड्राफ्ट करना प्रारम्भ कर दिया था। Constitutent Assembly ने गम्भीर चर्चा के बाद संविधान के अनुच्छेद 20, 21 व अनुच्छेद 22(2) को संविधान में वांछित स्थान दिया। अविवेकपूर्ण गिरफ्तारी व Detention को चेक करने के हेतु पर्याप्त प्रावधान बनाये गये। गिरफ्तारी के आधार क्या हैं और उसके विरूद्ध किस अपराध का चार्ज है। ये बातें स्पष्ट रूप से बतलाना जरूरी किये गये। Indian Criminal Procedure Code, 1973 में धारा 41 से धारा 60 तक इस विषय पर प्रकियाओं का वर्णन है। इन्हें संविधान में स्थान देकर मूल अधिकारों का भाग बना दिया गया। सबसे बडा न्यायकर्ता सर्वोच्च न्यायालय है। डीके बसु बनाम वेस्ट बंगाल के केस में (AIR 1997 SC 610) माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत निर्देश (पेरा 36 में 11 निर्देश) इन विषयों पर दिये हैं। इनकी पालना करना आवश्यक है अन्यथा Contempt of Court की कार्यवाही की जा सकती है।

केजरीवाल व उनके साथियों के विरूद्ध जो केस चले हैं, मजिस्ट्रेट से सुप्रीम कोर्ट तक सबमें गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती दी गई है। मनीष सिसोदिया व केजरीवाल तथा उनके साथियों को जमानत मिल चुकी है। दिनांक 13.09.2024 के आदेश से माननीय सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने केजरीवाल को सशर्त जमानत दी है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने PMLA की धारा 45 के कठोर प्रावधानों की उपस्थिति में भी जमानत दी है। सिसोदिया को व अन्य को जमानत इसलिये दी गई है कि Speedy Justice देना इस केस में सम्भव नहीं है।

दिनांक 05.09.2024 को केजरीवाल के केस में खण्डपीठ के माननीय न्यायाधीश सूर्यकान्त व न्यायाधीश उज्जवल भुइयां ने जमानत पर बहस सुनी। दिनांक 13.09.2024 को आदेश सुनाया गया। माननीय दोनों न्यायाधीशों ने अपने–अपने अलग आदेश लिखे हैं।

माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकान्त ने अपने आदेश में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध माना है, किन्तु माननीय न्यायाधीश भुइयां ने गिरफ्तारी को सही नहीं माना है। उन्होंने सीबीआई की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाया है। उन्होंने ट्रिपिल टेस्ट पर प्रकाश डाला है तथा Bail Je No Jail को नियम माना है।

दोनों न्यायाधीशों ने केजरीवाल को दस लाख रूपये के मुचलके पर Conditional जमानत दी है। न्यायाधीश भुइयां ने उन दो कन्डीशन्स का उल्लेख किया है जो मनी लॉन्ड्रिंग के केस में लगायी थीं और जिनका संबंध मुख्यमंत्री की कार्यशैली का है उस पर अपने मत को Judicial Discipline के आधार पर स्थापित किया है। इसका यह अर्थ माना जाता है कि खण्डपीठ ने केजरीवाल को सशर्त जमानत दी है, क्योंकि कंडीशन का आदेश Coordinate Bench का था।

उपरोक्त संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि त्वरित न्याय के सिद्धान्त को Bail - Jail नहीं की उद्घोषणा के आधार पर धारा 45, PMLA 2024 जैसे कठोर नकारात्मक प्रावधान के होते हुये भी जमानत ली जा सकती है।

6) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20, 21, 22(1) व (2) का संबंध व्यक्ति की Liberty से है। उन्हें एक दूसरे नये रूप में Section 41–60 Criminal Procedure Code, 1973 में देखा जा सकता है। इसका अधार है अनुच्छेद 9 UDHR निर्देश देता है कि No one shall be subjected to arbitrary arrest, detention or exile.

7) कई कानून ऐसे हैं जिनमें देश की एकता व सुरक्षा के हेतु Detention के कानून बने हैं। ऐसे कानूनों में जमानत लेने पर प्रतिबंध है, केवल कठिन व कठोर परिस्थितियों में ही जमानत हो सकती है। उदाहरण के तौर पर PMLA, 2022 की धारा 45 है, इसके अनुसार आरोपी को साबित करना होगा कि उपस्थित सबूतों के आधार पर उसके विरूद्ध केस नहीं बनता और ऐसा कोई केस नहीं है कि वह बेल के समय पुनः अपराध करे। जनरल कानून में जमानत दिये जाने के कारणों की व्यवस्था है। Bail - No Jail जमानत के बेसिक सिद्धान्त हैं। कानूनों की व्याख्या का सिद्धान्त है कि विशेष कानून जब लागू होता है तो सामान्य कानून अपनी राह छोड देता है। अभिषेक बनर्जी बनाम ईडी के दिनांक 9 सितम्बर, 2024 के केस में आरोपी की तलबी के जो विशेष प्रावधान धारा 71 PMLA में दिये हैं उन्हीं के अनुसार कार्य होगा, न कि जनरल कानून की पालना कर। इस पृष्ठभूमि में कानून वेत्ताओं को देखना होगा कि क्या धारा 45 PMLA की उपस्थिति में Bail Je No Jail का मूल सिद्धान्त लागू कैसे होगा?

8) सर्वोच्च न्यायालय ने Speedy Justice को मूल अधिकार माना है और एक आरोपी को सन 2020 में मृत्यु कारित के एक केस में 30.04.2022 को जमानत की दरख्वास्त खारिज की थी और 5 माह में ट्रायल पूरी करने के निर्देश दिये थे, किन्तु 17 गवाहों के बाद भी अभी गवाह लेना बाकी था। इस केस में अन्य आरोपियों की जमानत हो चुकी थी। अतः कोर्ट ने Speedy Justice और Fair Trial के सिद्धान्त पर बलविन्दर सिंह बनाम पंजाब राज्य के केस में दिनांक 10.9.2024 को जमानत ली। इस सिद्धान्त पर जमानत लेकर, जेलें खाली की जा सकती हैं।

9) Under Trial के मामलों में उन्हें देरी (Delay) का लाभ अनुच्छेद 21 के तहत अवश्य दिया जाना चाहिये। अनुच्छेद 7 ICCPR के संदर्भ में यह ध्यान रहना चाहिये "Right not to be torturned" भी Under Trial का अधिकार है।

देश में यदि शान्ति चाहते हैं Corruption खत्म करना चाहते हैं तो जमानत का अधिकार सबको दो। गिरफ्तारी के साथ ही जमानत पर रिहा करें।

'First Bail, Jail after Fair Trial if guilt is proved.'

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# जिला कलेक्टर ने स्कूल में बच्चों की क्लास लेकर शुभकामनाएं दी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता ने गुरुवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापू नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने विद्यालय में मिड–डे–मील योजनान्तर्गत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता के संबंध में बच्चों से फीडबैक लिया। जब जिला कलक्टर ने बच्चों से पूछा कि आपको कैसा भोजन मिला रहा है, तो जवाब मिला सर घर से भी अच्छा। जिला कलेक्टर ने बच्चों को हाथ धोकर खाना खाने सहित खाने के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान देकर भोजन करने के संबंध में जानकारी दी।

इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित वोकेशनल लैब्स का भी अवलोकन किया और प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा से लैब में बच्चों को सिखाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। एडीपीसी समग्र शिक्षा योगेश चंद्र पारीक ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत 63 राजकीय विद्यालयों में 14 ट्रेड में वोकेशनल एजूकेशन संचालित की जा रही है। जिला कलेक्टर ने प्रधानाचार्य को वेस्ट टू बेस्ट को लेकर बच्चों में कलात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देशित किया। इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने कक्षा 11 की कॉमर्स की छात्राओं को पढ़ाए जा रहे प्राइवेट पब्लिक एंड ग्लोबल एंटरप्राइज टॉपिक के प्रश्न पूछे उन्होंने स्वयं क्लास लेकर बच्चों को टॉपिक समझाया और करियर को लेकर मार्गदर्शन देकर शुभकामनाएं दी।

वहीं जिला कलेक्टर नमित मेहता ने मिड–डे–मील योजनान्तर्गत अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा संचालित केंद्रीकृत रसोई घर न्यू बापूनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने रसोई घर में तैयार होने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का जायजा लिया। उन्होंने रसोई घर के संचालन और भोजन तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला कलेक्टर ने कहा कि मिड–डे–मील योजना का उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक भोजन प्रदान करना है, जिससे वे अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने रसोई घर के संचालकों को भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीपीसी समग्र शिक्षा योगेश पारीक, अक्षय पात्र फाउंडेशन के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कक्षा 11 की कॉमर्स की छात्राओं से सवाल पूछे।

- **कलेक्टर ने विद्यालय में मिड-डे-मील योजनान्तर्गत परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता के संबंध में बच्चों से फीडबैक लिया**
- **जिला कलेक्टर ने बच्चों से पूछा...कैसा भोजन मिल रहा है, जवाब मिला सर घर से भी अच्छा**

# बनवारी खामोश और कृष्णानद व्यास को मनुज साहित्य और कला सम्मान मिलेगा

**जयपुर।** डॉ. ओ.पी. शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट, चूरू द्वारा साहित्य और संगीत की दो हस्तियों बनवारी खामोश और कृष्णानंद व्यास को प्रतिष्ठित मनुज साहित्य और कला सम्मान–2024 से विभूषित किया जायेगा।

डॉ. ओ.पी. शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट, चूरू के संरक्षक तेजकरण सुराणा और प्रबंधन ट्रस्टी डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि लोक संस्कृति शोध संस्थान नगर श्री चूरू के सभागार में 22 सितम्बर को आयोजित ट्रस्ट के वार्षिक समारोह में ख्यातनाम कवि बनवारी लाल शर्मा खामोश को मनुज साहित्य सम्मान और प्रख्यात तबला वादक पंडित कृष्णानंद व्यास को मनुज कला सम्मान अर्पित किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक और संस्कृतिकर्मी डॉ. प्रमोद बाजोरिया करेंगे। मुख्य अतिथि न्यायाधीश डॉ. शरत कुमार व्यास एवं सूत्रधार विचारक और साहित्यकार प्रो. कमल कोठरी होंगे।

साहित्यकार बनवारी खामोश साहित्यकार बनवारी खामोश हिंदी और राजस्थानी के सुप्रसिद्ध लेखक, कवि, गजलकार, व्यंग्यकार और लघु कथाकार के रूप में जाने जाते हैं। अनेक पुस्तकों के रचयिता और दर्जनों प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित 70 वर्षीय खामोश की हजारों रचनाएं देश विदेश की पत्र–पत्रिकाओं में बहुतायत से प्रकाशित हुई है। बनवारी खामोश की 1976 से आकाशवाणी और दूरदर्शन पर गीत, गजले, नज़्मे कविताएं निरंतर प्रसारित हो रही है। तबला वादक पंडित कृष्णानन्द व्यास गीत और संगीत की दुनिया के नामी हस्ताक्षर 83 वर्षीय पंडित कृष्णानन्द व्यास ने सात साल की आयु में संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज़ का जादू बिखेरना शुरू कर दिया था। उन्होंने संगीत की महफिल में अनेक बार एकल तबला वादन प्रस्तुत कर प्रतिष्ठा अर्जित की। देश के ख्यातनाम गायकों और संगीतज्ञों के साथ विभिन्न मंचों पर संगत कर चुके है। संगीत भारती बीकानेर से तालश्री की उपाधि, गुवाहाटी से बेजोड़ तबला वादक पुरस्कार, रांची से ताल मार्तंड सम्मान प्राप्त किया। बीकानेर में संगीत मनीषी पं. जयचंद शर्मा अवार्ड के अलावा पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई स्मृति मांड अवार्ड सहित दर्जनों सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। जयपुर, पटना, राची व गुवाहाटी के आकाशवाणी केंद्रों व जयपुर दूरदर्शन से इनके कार्यक्रम लाइव प्रसारित हो चुके हैं।



बनवारी खामोश और कृष्णानद व्यास

# बिछड़े पिता से बीस साल बाद मिले बेटे, आंखों से छलक उठे खुशी के आंसू

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में लोहागल स्थित अपना घर संस्था आश्रम ने 20 साल से बिछड़े पिता को बेटों से मिलाया। पिता से मिलकर बेटों की आंखों से खुशी के आंसू छलक उठे।

अपना घर संस्था के प्रबंधक भगवान स्वरूप ने बताया कि वाराणसी निवासी बाबूलाल मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। 20 साल पहले अकेले अपनी बहन से मिलने गए थे। बहन के घर कुछ दिन रहने के बाद जब वह ट्रेन में बैठकर घर लौट रहे थे, तभी वे घर पहुंचने के बजाए किसी अन्य रेलवे स्टेशन पर उतर गए। इसके बाद बाबूलाल 20 सालों तक खानाबदोश का जीवन जीते रहे। परिवार ने उन्हें ढूंढने की हर जगह तलाश की, पर हर बार निराशा ही हाथ लगी। बाबूलाल भी अपने परिवार और घर का पता भूल गए थे। अजमेर आरपीएफ के जवानों ने पहुंचाया था अपना घर :–संस्था के प्रबंधक भगवान ने बताया कि बाबूलाल 7 अगस्त को अजमेर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे थे। मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ को देख स्टेशन पर मौजूद रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हें अपना घर संस्था भिजवा दिया। संस्था द्वारा बाबूलाल का जेएलएन अस्पताल के मानसिक रोग विभाग से उपचार कराया। चिकित्सकों की देख–रेख में दवा से बाबूलाल को धीरे–धीरे सब कुछ याद आने लगा और उन्होंने संस्था पदाधिकारियों को अपने परिवार के बारे में जानकारी दी। संस्था द्वारा वारणसी में अपना घर संस्था को अवगत कराया। वीडियो कॉल पर परिवार से बातचीत भी करवाई। पहचान होने के बाद उनके पुत्र शुभम कुमार अपने भाई के साथ गुरुवार को अजमेर पहुंचे। अजमेर पहुंचे बेटे जब अपना घर संस्था पहुंचे और पिता बाबूलाल को देखा तो तीनों के आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। यह नजारा देख संस्था के पदाधिकारियों की भी आंखें नम हो गई। बेटों ने बताया कि उनके पिता को वारणसी में लोग डॉ. बाबू लाल के नाम से जानते हैं, लोगों का छोटा मोटा इलाज करते थे, लेकिन मानसिक स्थिति खराब होने पर मरीजों को देखना बंद कर दिया था। संस्था प्रबंधक भगवान स्वरूप ने बताया कि लोहागल में वर्ष 2011 में अपना घर संस्था ने आश्रम खोला गया था। संस्था बेघर, सड़कों पर बीमार पड़े लोग और मानसिक संतुलन खो चुके लोगों अपना घर लाकर सेवा की जाती है। संस्था प्रतिनिधि ऐसे लोगों की तलाश कर उन्हें अपने यहां पर रखते हैं और उनका निशुल्क उपचार करवाते हैं। उनके यहां पर रहने और खाने की भी निशुल्क व्यवस्था है। स्वस्थ्य होने के बाद ऐसे लोगों को उनके परिवार से भी मिलवाया जाता है। संस्था अब तक करीब पांच सौ बिछड़ों को परिवार से मिला चुकी है।




अपना घर में बेटों से मिलने के बाद परिजनों के चेहरे पर खुशी दिखी।

- **20 साल पहले बहन से मिलने गए थे, वापस घर पहुंचने के बजाए किसी अन्य रेलवे स्टेशन पर उतर गए थे**
- **सात अगस्त को मानसिक रूप से विक्षिप्त अधेड़ को देख स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने अपना घर संस्था भिजवा दिया था**

## राशिफल शुक्रवार 20 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, अश्विनी नक्षत्र रात्रि 2:43 तक, ध्रुव योग दिन 3:18 तक, वणिज करण दिन 10:18 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–मेष, मंगल–मिथुन, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 2:43 तक है। भद्रा दिन 10:58 से रात्रि 9:16 तक रहेगी। आज तीज का श्राद्ध है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:44 तक, लाभ–अमृत 7:44 से 10:50 तक, शुभ 12:20 से 1:51 तक, चर 4:52 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:18, सूर्यास्त 6:22


### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य में उचित सफलता मिलेगी।


### वृष


मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### मिथुन

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह

शुभ कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


### कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। यात्रा में परेशानी बनी रहेगी।


### तुला


व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

### धनु

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मकर

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# साइकिल रैली व वॉकथॉन कर स्वच्छता का संदेश दिया

## साइकिल रैली में रेलवे से जुड़े अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया

**अजमेर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जीएलओ स्पोर्ट्स ग्राउंड स्टेडियम से आनासागर झील तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के अधिकारी, कर्मचारी व आरपीएफ के जवानों ने भाग लिया तो वहीं महिला कर्मचारियों ने वॉकथॉन रैली निकाली। रैली को डीआरएम आलोक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया गया।



उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के डीआरएम आलोक अग्रवाल ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- साइकिल रैली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा का संकल्प लिया गया
- रैली को डीआरएम आलोक अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

उत्तर-पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के डीआरएम आलोक अग्रवाल ने बताया कि साइकिल रैली गुरुवार सुबह सात बजे निकाली गई तथा वॉकथॉन रैली साढ़े सात बजे निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में रेल अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आरपीएफ के जवानों ने भाग लिया। डीआरएम अग्रवाल ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। रैली जीएलओ स्पोर्ट्स ग्राउंड स्टेडियम से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई आनासागर झील तक पहुंचकर संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है। लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखनी है, इसका ध्यान रखना होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर सभी लोग अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखेंगे तो पूरे शहर में स्वच्छता बनी रहेगी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता को लेकर जागरूक होने की आवश्यकता है। इस रैली में महाप्रबंधक सहित रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## पींगलोद में हुआ क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

**अजमेर, (कासं)।** दक्ष एम्पावर एबिलिटी फाउण्डेशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनको स्वयं सहायता समूह में जोड़कर विभिन्न मुद्दों पर निरन्तर प्रशिक्षित किया जा रहा है। निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि फाउण्डेशन के द्वारा ग्राम पींगलोद में 40 महिलाओं को आत्मनिभरता की और कदम बढ़ाने के लिए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के साथ –साथ उन्हें जागरूक और सशक्त बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों का सदस्य बनाकर बचत करना सिखाया जा रहा है। छोटी बचत के सहयोग से लेनदेन और हिसाब सीखने के बाद इन्हें बैंक से लोन दिलाकर आजीविका गतिविधियों के संचालन के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही मासिक बैठकों के जरिए वित्तिय साक्षरता, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, बाल विवाह जैसी प्रथाओं का विरोध करना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से प्रात्रता के आधार पर जुड़ाव आदि मुद्दों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में फाउण्डेशन के सत्तार मोहम्मद, अनिता चैहान, सज्जन सिंह आदि ने उपरोक्त बिन्दुओं पर सत्र लेते हुए जानकारी दी।

## भजन संध्या 21 सितम्बर को

**अजमेर, (कासं)।** सांवरिया नवयुवक मंडल के तत्वावधान में एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या 21 सितबर को शाम 8 बजे बाल भैरव मंदिर फव्वारा सर्किल पर होगी। इसमें खाटू धाम के कई गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2024/3067 **आम सूचना** दिनांक: 19/09/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | पत्रावली नं. | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा सं. | भू.सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24 | शहजद मोहम्मद/ सलीम मोहम्मद | चौसला बिजयनगर | 4114, 4115 4117 | 12 का हिस्सा | 55.55 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर



**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांक: 978 दिनांक: 19-09-2024

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 11 / 54, वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 99.00 व.मी. मूल आवंटी श्री हरिओम माथुर पुत्र श्री देवी प्रसाद माथुर को आवंटित कर 01.07.1986 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री हरिओम माथुर पुत्र श्री देवी प्रसाद माथुर द्वारा जरिये इकरारनाम, मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के आवास का वैचान श्रीमती पार्वती देवी भागचन्दानी पत्नि श्री टहलराम को कर दिया गया था। मण्डल द्वारा श्रीमती पार्वती देवी के पक्ष मे दिनांक 28.12.1994 को नियमितिकरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती पार्वती देवी भागचन्दानी पत्नि श्री टहलराम को द्वारा दिनांक 28.12.1994 को आवास का उप पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्रीमती पार्वती देवी की मृत्यु दिनांक 08.07.2015 को हो जाने के कारण उनकी पुत्री श्रीमती हरी लुधानी पुत्री स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती हरी लुधानी पुत्री स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी के पक्ष में श्रीमती लाजवन्ती, श्रीमती रेखा, श्रीमती निर्मला पिंजानी पुत्रियां स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी, श्री नरेश कुमार भागचन्दानी पुत्र स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी, श्रीमती ज्योति भागचन्दानी पुत्रवधू स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी, श्री कमल कुमार भागचन्दानी पौत्र स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी, श्रीमती मधु थदानी, श्रीमती रानू खूबचन्दानी पौत्रियां स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी, श्री रोहित भागचन्दानी पौत्र स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्रीमती हरी लुधानी पुत्री स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती हरी लुधानी पुत्री स्व. श्री टहलराम भागचन्दानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर


# विनोद रत्नू ने पटवार संघ के आन्दोलन से खुद को किया दूर

**अजमेर, (कासं)।** कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष विनोद रत्नू ने घोषणा की है कि आज से वो खुद और उनके समर्थक पटवारी गिरदावरी का कार्य शुरू कर रहे है, जब पटवार संघ में पद लेकर बैठे छोटी सोच के लोगों से आंदोलन लड़े नहीं जाते, लेकिन लड़ाई लड़ने और जीतने के लिए सबका साथ साधना पड़ता है लेकिन ऐसे अहंकारी लोगों से संगठन का नुकसान होता है। रत्नू ने आरोप लगाया है कि इस बार भी इन्हीं लोगों के कारण आंदोलन फेल हो रहा है। ये ऐसे लोग है जो खुद तो अपना काम पूरा कर लेते है और फिर आम पटवारियों को मरने के लिए छोड़ देते है। ऐसे लोगों की कथनी और करनी में फर्क है। इस से क्षुब्ध होकर कई पटवारियों ने पेन उठाकर काम करना शुरू कर दिया है।

- रत्नू ने आरोप लगाया है कि इन्हीं लोगों के कारण आंदोलन फेल हो रहा है, जो खुद तो अपना काम पूरा कर लेते है और फिर आम पटवारियों को मरने के लिए छोड़ देते है

रत्नू का आरोप है कि ये पटवार संघ अध्यक्ष द्वारा हवा में आंदोलन लड़ा जा रहा है, जिसका न एक पटवारी के तौर पर विरोध करता हूँ।

## प्रतियोगिता आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** ओजोन दिवस के अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवतसर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल किशनगढ़ की क्षेत्रीय अधिकारी खण्डेलवाल ने बताया कि इस विद्यालय के कक्षा 10 से 12 के 30 विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के बाद पुरस्कृत किया गया। सभी विद्यार्थियों को ओजोन परत, वायु एवं जल प्रदूषण तथा प्लास्टिक कचरे के उचित निस्तारण जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय से नम्रता डांगरा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, डॉ. विकास सिंह वैज्ञानिक अधिकारी, तेजस्व मृदुल कनिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता एवं रामकेश मीणा कनिष्ठ पर्यावरण अभियन्ता तथा विद्यालय से मीना जाट प्रधानाचार्य एवं नवीन प्रकाश व्याख्याता मौजूद रहे।

# घरेलू सिलेण्डरों के दुरूपयोग एवं अवैध रिफलिंग के विरूद्ध कार्रवाई

**अजमेर, (कासं)।** घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग एवं अवैध रिफलिंग के विरूद्ध जारी अभियान के अन्तर्गत 45 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी हेमन्त आर्य ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेण्डरों के दुरूपयोग तथा अवैध रिफलिंग के विरूद्ध अभियान के तहत गुरुवार को जिला रसद अधिकारी कार्यालय द्वारा गठित संयुत जांच दल ने कार्रवाई की। एलपीजी के अवैध भण्डारण तथा व्यापार की सूचना मिलने पर पार्श्वनाथ स्वीट्स एसबीआई बैंक के सामने परबतपुरा बाईपास पर संयुक्त जांच दल द्वारा दबिश दी गई। मौके पर पार्श्वनाथ स्वीट्स के पीछे नौ गैस सिलेण्डर पाए गए। कुल 45 सिलेण्डर (7 व्यावसायिक सिलेण्डर 19 किग्रा, 38 घरेलू सिलेण्डर 14.2 किग्रा.) पाए गए। एक रोल सिलेण्डर सैफ्टी कैप सील व 20 खुली सैफ्टी कैप सील पाए गये। जिंदल भारत गैस के कार्मिक राजदीन खान के अतुल टैम्पो में से 30 घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारित पाए गए।



45 गैस सिलेण्डर जब्त किए गए।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2024/3037 **लोक सूचना** दिनांक : 18-9-24

(1) निकिता पुत्री रामगोपाल खाती (2) यामिनी पुत्री रामगोपाल खाती (3) राधेश्याम पुत्र रामगोपाल खाती निवासीगण बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर | बिजयनगर | 1050/79 | 0.2425 हैक्टर (2425.00 वर्गमीटर) आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों को साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप को अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18-9-24 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर



**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ, अजमेर**

क्रमांक/नपकि/प्रा.अ./कृ.भू.नि./2024/331 दिनांक : 19-09-24

**लोक सूचना**

श्री टीकम चन्द पुत्र श्री सीताराम जोरम निवासी आजाद नगर किशनगढ जिला अजमेर राज0 ने इस कार्यलय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| तहसील और जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| अजमेर-अजमेर | रामनेर ढाणी | 3618/3029, /3028, 3027 3619/3028, 3027 | खसरा नम्बर 3618/3029, 3619 कुल क्षेत्रफल -0.9600 हैक्टेयर क्षेत्रफल 9600 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दोरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है ओर तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एंव मुहर के अधीन आज ...........को जारी की गयी।

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़।


## घर के बाहर टहल रही महिला से मोबाइल लूट

**अजमेर, (कासं)।** क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने वाला गिरोह सक्रिय है। बाइक सवार बदमाश के द्वारा थाना क्षेत्र में घर के बाहर वॉक कर रही महिला से मोबाइल छीन कर भाग गया। महिला के देवर ने थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राम विहार वैशाली नगर निवासी विकास कुमार लालवानी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी भाभी ज्योति घर के बाहर मोबाइल पर बात करते हुए वॉक कर रही थी। तभी एक अज्ञात बदमाश बाइक पर आया और भाभी पर झपट्टा मार कर हाथ से मोबाइल छीन कर भाग गया। परिवार द्वारा तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

# 'निक्षय मित्र बनकर टीबी अभियान में निभाएं भागीदारी'

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे निक्षय मित्र बनाएं-टीबी हराएं अभियान को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राकेश कुमावत, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. श्रवण राव एवं मेड़ता खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके तंवर के निर्देशानुसार मेड़ता ब्लॉक में टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, जिसमे गुरुवार को भी मेड़ता ब्लॉक में भामाशाहों के जरिये टीबी मरीजों को पौषण किट का वितरण किया गया।

- टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा

बीसीएमओ डॉ. आरके तंवर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए भामाशाहों को प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. तंवर ने बताया कि टीबी लाइलाज नही है, टीबी का निः शुल्क इलाज डोट्स के जरिये किया जाता है। ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर इरफान रजा अंसारी ने बताया कि अभियान में अब तक सर्वे कर ग्राम पंचायत धांधलास, बासनी सेजा, औलादन, लीलिया, जारोडा, कड़वासरों की ढाणी, मुगदड़ा, मेड़ता रोड, हरसौलाव, नोखा, भाटियों की ढाणी, काल्यासनी, खेड़ूली, सोगावास, कलरू, सातलावास, डांगावास, छापरी, बीटन, आकेली, इन्दावड़, टुंकलिया, मोकलपुर के साथ ही मेड़ता शहरी क्षेत्र में टीबी मरीजों को पौषण किटों का वितरण करने के साथ ही अन्य जगहों पर भी सर्वे किया जा रहा है। अंसारी ने बताया कि ब्लॉक में अभियान एएनएम एवं आशा डिजिटल हेल्थ ऐप के माध्यम से चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डो में प्रत्येक डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है।

## सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर नेता कार्यकर्ता लगातार मेहनत करते नजर आ रहे है। अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिल रहा है। इसके तहत गुरुवार को रेण कस्बे में रेण मंडल बैठक मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद् चेयरमैन मीतू बोथरा, सदस्यता अभियान जिला संयोजक नवरतन मल सिंघवी, जिला महामंत्री रमेश अपूर्वा, रेण मंडल अध्यक्ष शंकर भादू, भाजपा नेता रामाकिशन झींझा सहित भाजपा पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बैठक में मौजूद थे।

बैठक में मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने कहा कि इस अभियान में अधिक से अधिक कार्यकर्ता जुड़ कर इस अभियान को सफल बनाएं ओर भाजपा के इस अभियान में हर वर्ग के नागरिकों को जोड़ कर एक मिशाल कायम करनी है।

# वर्षों पुराने मकान नहीं तोड़ने की मांग

- ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा किशनपुरा फकीरोखेड़ा में बने वर्षों पुराने मकानों हटाने के लिए जारी किए गए नोटिस को लेकर गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर लोक बंधु के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए ग्रामीणों के मकानों को नहीं तोड़ने की मांग की।

एडीए द्वारा फकीरा खेड़ा में ग्रामीणों को दिए घर खाली करने के नोटिस के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपने-अपने मकानों को बचाने के लिए जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंपकर मकान नहीं तोड़ने की मांग की। कोली ने आरोप लगाया कि जब इस मामले में कलेक्टर लोक बंधु से मुलाकात की तो उन्होंने कहा कि एडीए जाकर अपनी बात रखें। कोली ने उन्हें बताया कि वर्तमान में एडीए के चेयरमैन (कलेक्टर) ही हैं। इसके बाद उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिए जनसुवाई में आने को कहा। ग्रामीणों ने जनसुनवाई में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वर्षों से रह रहे लोगों को बेघर करने के बजाए उन्हें पट्टे जारी कर दिए जाएं।

कोली ने कहा कि कई पीढ़ियों से ये लोग यहां पर निवास कर रहे हैं। इतने वर्षो बीत जाने के बाद अब एडीए प्रशासन इन्हें अतिकर्मी मान रहा है। एडीए का कहना है कि जिस भूमि पर इन्होंने मकान बना रखे हैं वह सरकारी भूमि है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ग्रामीणों को पट्टे जारी नहीं किए जाते हैं तो कांग्रेस जनआंदोलन करेंगी। मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की बुलडोजर सरकार गरीबों को बेघर करने पर आमदा है


**AU SMALL FINANCE BANK**

**Registered Office :** 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001.
**www.aubank.in**

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **25 Sep 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**BAGRU** - 9001090140898980 9001090434964540 9001090440123270 | **BALESAR** - 9001090138572960 9001090138650580 9001090139455070 9001090140048550 | **BANDIKUI** - 9001090136469880 | **BANSWARA** - 23660002277213 | **BARAN** - 9001090134719850 9001090136257420 | **BARMER** - 9001090139249670 | **BEAWAR** - 9001090134959860 | **BEGUN** - 9001090140506110 | **BEHROR** - 9001090138554510 | **BIJOLIYA** - 9001090134488770 9001090435421530 | **BUNDI** - 9001090139152990 | **CHAKSU** - 9001090135349480 | **CHHABRA** - 9001090135305470 9001090137699600 | **CHIRAWA** - 9001090140197960 | **CHITTORGARGH** - 23660002256653 | **CHOMU** - 9001090138437190 9001090139757740 | **DHOLPUR** - 9001090139859230 | **DIDWANA** - 9001090134502390 9001090135625300 9001090136494140 9001090138669410 9001090140084870 9001090140112180 | **DUDU** - 9001090138593130 | **DUNGARPUR** - 9001090139609220 9001090140344920 9001090140395990 | **FATEHNAGAR** - 9001090136557710 9001090137303220 | **GANGAPUR** - 9001090136382100 | **HANUMANGARH** - 9001090135500890 | **JAIPUR - QUEENS ROAD** - 23660002222057 24660000295021 24660001179793 24660001232714 | **JAIPUR-MALVIYA NAGAR** - 24660001096128 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 24660001016951 24660001154160 | **JHALAWAR** - 23660002269928 24660001145137 | **JHUNJHUNU** - 9001090135346470 | **JOBNER** - 9001090134280230 9001090136622400 9001090136778490 9001090136934760 9001090137879810 9001090140599770 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 23660002276894 24660001009074 24660001072514 24660001097706 24660001165459 24660001202431 | **KALWAR ROAD JAIPUR** - 9001090134985030 | **KHERLI** - 9001090135319430 | **KOTA - GHODE WALA CIRCLE** - 23660002220071 23660002246602 23660002251022 23660002321801 24660000020300 24660000330226 24660000599309 24660000961548 24660000977368 | **KOTPUTLI** - 9001090135330730 9001090138451270 | **KUCHAMAN CITY** - 9001090131438220 9001090135292160 9001090135846530 9001090139216170 9001090139691990 | **MANSAROVAR** - 24660001202861 | **MERTA CITY** - 9001090137672990 9001090138439110 | **NAGAUR** - 9001090134981380 9001090138536610 9001090138804310 9001090139957960 | **NASIRABAD** - 9001090135184750 9001090135330660 | **NOHAR** - 9001090135312700 9001090139389070 | **NOKHA** - 23660002082459 23660002258509 23660002258649 23660002368022 24660000273143 24660000312761 24660000335557 24660000547538 24660001041013 9001090136604340 | **PALI** - 9001090138352450 9001090138464470 | **PAOTA** - 9001090140973900 | **PAWAN PURI BIKANER** - 9001090137119520 9001090139220860 9001090440541010 | **POKARAN** - 9001090140608600 | **PRATAP NAGAR JAIPUR** - 9001090435283840 | **RAISINGHNAGAR** - 9001090136069920 9001090139706460 | **RAJSAMAND** - 9001090136554180 | **RANI BAZAR BIKANER** - 9001090136574600 | **RATANGARH** - 23660002204202 | **RAWATSAR** - 9001090135483600 9001090136082530 | **REENGUS** - 9001090138251530 9001090139315990 9001090139831820 | **RENWAL** - 9001090138169410 | **SAGWARA** - 9001090136687350 | **SALUMBER** - 9001090138645980 | **SARDARSHAHAR** - 9001090140054430 9001090435211290 | **SAWAI MADHOPUR** - 24660001038029 | **SHRI DUNGARGARH** - 9001090136684710 | **SIKAR** - 9001090139755680 | **SRI VIJAINAGAR** - 9001090140178340 | **SUJANGARH** - 9001090435066680 | **TONK** - 23660001866582 | **UDAIPUR - MADHUBAN** - 23660002224963 23660002297194 | **VKI JAIPUR** - 9001090136399530|

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited



**NAME CHANGE**

MAYA DEVEE is spouse of No JC-857413K, SUB (OFC) SUNIL KUMAR,501 AD MSL Regiment (MRSAM) C/O 56 APO, Ward No12, Jhunjhunu Rajasthan 333502, have changed my name from MAYA DEVEE to MAYA DEVI in my husband army service records and DOB 02 Feb 1978. aff-BW 147219. date-17 SEP 1978. Notary Nasirabad


# 68वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का दमकल जारी

**ब्यावर, (निसं)।** 68वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता तीसरे दिन पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जारी है। पिछले दिन के परिणाम जारी किए इसमें 35 किलोग्राम छात्र वर्ग में प्रथम हरीश शार्दुल स्पोर्ट्स बीकानेर, द्वितीय अजय चित्तौड़गढ़, तृतीय स्थान करण भीलवाड़ा व देवराज अजमेर रहे। इसी तरह 68 किलो ग्राम छात्र वर्ग में प्रथम फरदीन अलवर, आखिल भीलवाड़ा, नजीर खान जैसलमेर व ईश्वर राम चुरु रहे। इसी तरह 42 किलोग्राम छात्रा वर्ग में प्रथम वंशिका राजसमंद, द्वितीय अंजलि भीलवाड़ा, पूजा फलोदी, साक्षी चित्तौड़गढ़ रहे।



68वीं राज्य स्तरीय कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता तीसरे दिन भी जारी रही।

46 किलोग्राम छात्रा वर्ग में प्रथम अनामिका चूरू, द्वितीय डिंपल ब्यावर, तृतीय स्थान लक्ष्मी फलौदी व आरजू हनुमानगढ़ रही। 54 किलोग्राम छात्रा वर्ग में प्रथम अनीता फलोदी, द्वितीय सुजल जोधपुर, ग्रामीण तृतीय स्थान मूली बाड़मेर व दमयंती बीकानेर रही। सभी विजेता पहलवानों को आज के मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम जाजू, अध्यक्षता क्र रहे रोशन जटिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विट्ठल राठी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर शुभकामना प्रेषित की ।संयोजक मोहनसिंह चौहान एवं खेल प्रभारी प्रमोद राय शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जितने पहलवान सम्मिलित हुए हैं उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने देंगे।अजय कुमार गुप्ता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय ब्यावर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए शेष रहे सभी खिलाड़ी खेल भावनाओं से खेलते रहने का कहा प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार डीडा, नेमीचंद यादव, डॉ सीमा कृपलानी, आशा संत, नीतू विजय, सुमन बाला सैनी, रमेश दाधीच, उप प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रजापति, गुरु शरण गोयल, निरंजन देव मिश्रा, प्रीति परिहार, महेंद्र सिंह पवार, साहिब सिंह, केदार सिंह कर्णावत, रघुवीर सिंह चौहान, भगवान सिंह लालपुरा, विष्णु दत्त गोयल, संजीव जैन, विभिन समितियां में प्रधानाचार्य प्रकाश प्रजापति, विजयलक्ष्मी, आशा बारेसा, लक्ष्मी यादव, राकेश शर्मा, अशोक भाटी, रमेश प्रजापति, गोपाल शर्मा आदि अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।


**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक /न.प.कि/भूमि/2024/495 दिनांक: 18-09-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 617 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या ए-41 क्षेत्रफल 136.27 वर्गगज ) पर 1. श्रीमती राजू कंवर पत्नि स्व. श्री विरेन्द्र सिंह 2. श्री मोहित सिंह राठौड पुत्र स्व. श्री विरेन्द्र सिंह 3. रश्मि राठौड पुत्री स्व. श्री विरेन्द्र सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है-

पूर्व में - भूखण्ड संख्या ए-40 | पश्चिम में - भूखण्ड संख्या ए-42
उत्तर में - 40 फीट चौड़ा रास्ता | दक्षिण में - अन्य की कृषि भूमि

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़



**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.**

क्रमांक /न.प.कि/भूमि/2024/487 दिनांक: 18-09-2024

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 369/1, 369/4, 65, 66, 67 पर स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 07 क्षेत्रफल 198.81 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड क्षेत्रफल 112.77 वर्गगज ) पर श्री सुरेश बंजारा पुत्र स्व. श्री गोपाल कृष्ण बंजारा ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है-

पूर्व में - अन्य भूखण्ड | पश्चिम में - 30 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर में - 30 फीट चौड़ा रास्ता | दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 08

अत: उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी नगर परिषद, किशनगढ़



**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.**

क्रमांक/नपाबि./भूमि/2024/3049 **आम सूचना** दिनांक: 18/09/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने राजकीय भूमि के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टा दिया जायेगा। अत: इन भूखण्ड के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | उर्मिला वोहित पत्नि श्री प्रकाश वोहित | बिजयनगर | 139.35 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

# वाणिज्य कर विभाग की टीम ने तेल मिल व्यापारी के मकान व मिल में सर्च किया

## मालपुरा में जीएसटी की चोरी कर रहे व्यापारियों के ठिकानों पर ताले लगे



व्यापारियों ने रीको एरिया में तेल मिल व अन्य कारखानों के ताले लगा दिये।

- सुबह आठ बजे से देर रात तक चलती रही कार्यवाही, मालपुरा में करोड़ों की हो रही जीएसटी चोरी

**मालपुरा, (निसं)।** वाणिज्य कर विभाग को मालपुरा में प्रतिमाह करोड़ों रूपयों की जीएसटी चोरी की मिल रही शिकायतों पर वाणिज्य कर सहायक आयुक्त शालीन कुमार के सुपरविजन में गुरूवार को दो टीमें मालपुरा पहुंची। टीमों ने रिको औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोयल प्रोटीन्स मिल पर तो दूसरी टीम ने व्यापारी के जयपुर रोड स्थित आवास पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की। प्रात: आठ बजे से शुरू हुई सर्च की कार्रवाई रात आठ बजे तक भी लगातार 12 घंटे से जारी रही।

मिली जानकारी के अनुसार मालपुरा शहर व रीको सहित कृषि मंडी में काम करने वाले व्यापारी वाणिज्य कर विभाग की आंखों में धूल झोंक करोड़ों रूपयों की जीएसटी की चोरी करते हुये बिना बिल के महज पर्ची पर ही व्यापार कर करोड़ों की मोटी चांदी कूट रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर कर विभाग जयपुर की दो टीमों ने मालपुरा में दो स्थानों पर सर्च की कार्यवाही शुरू की। टीम के दोनों जगह हुई कार्यवाही की सूचना के साथ ही जीएसटी चोरी करने वाले व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। कई व्यापारियों ने रीको एरिया में तेल मिल व अन्य कारखानों के ताले लगा दिये। वहीं प्रतिष्ठान पर ताले लग गये। लगातार 12 घंटे तक चलती रही टीम की कार्यवाही को अधिकारियों ने मीडिया से गोपनीय रखा।

अधिकारियों से सम्पर्क साध पकड़ी गई जीएसटी चोरी का आंकड़ा व रिकॉर्ड मांगा तो अधिकारियों ने कार्यवाही के बाद खुलासा करने की जानकारी दी। दोनों ही ठिकानों पर की गई कार्यवाही में सुत्रों से मिली जानकारी की माने तो दिनभर चली कार्यवाही में करोड़ों रूपयों का बिना बिल वाउचर के व्यापार कर जीएसटी नहीं भरने जैसी जानकारी सामने आई है। लगभग एक दर्जन से अधिक अधिकारी व कार्मिकों द्वारा व्यापारी के कार्यालय व आवास पर व्यापारी व उसके परिजनों से माल खरीदने व बैचान करने सहित व्यापार से सम्बन्धित दस्तावेजों की पड़ताल में जुटे रहे। कर विभाग की एनफोरमिन्सविंग टीम ने गोयल प्रोटीन्स मील से निकलने वाले माल के वजन की कांटा पर्ची के लिये देर शाम व्यापारी से मिले। आंकडों से मिलाने के लिये रीको स्थित अरिहंत धर्म कांटा पर भी रिकॉर्ड खंगाला। टोंक से पहुंची विभाग की जिला टीम ने भी रीको में कार्यवाही का प्रयास किया, लेकिन अधिकांश मील व फैक्ट्री पर ताले लटके मिले।

# मिलावटी गुड़ बनाने के कारखाने पर छापा, नौ हजार किलो गुड़ जब्त

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 4 हजार किलो सड़ा-गला गुड़ मौके पर ही नष्ट कराया


नसीराबाद उपखंड के गांव देराठू में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुड़ के कारखाने को सीज किया।

- गुड़ में मिलाए जाने वाले सेफोलाइट के 30 पैकेट जप्त कर गुड़ की जांच के लिए सैंपल लिये

**अजमेर, (कासं)।** नसीराबाद उपखंड के गांव देराठू में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने एक मिलावटी गुड़ बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा। टीम ने मौके से 9 हजार किलो गुड़ को जब्त किया तथा लगभग 4 हजार किलो सड़ा गला गुड़ मौके पर ही नष्ट कराया, साथ ही गुड़ में मिलाए जाने वाले सेफोलाइट के 30 पैकेट (एक किलोग्राम वजनी) जप्त कर गुड़ की जांच के लिए सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ज्योत्सना रंगा तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मॉयल ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग के आयुक्त इकबाल खान, अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा व संयुक्त आयुक्त एसएन धौलपुरिया के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी टीम ने गुरुवार को शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलेक्टर लोक बंधु के निर्देश पर नसीराबाद उपखंड के ग्राम देराठू में मिलावटी गुड़ बनाने के कारखाने पर कार्रवाई करते हुए गुड़ के फैक्ट्री से तीन नमूने जांच के लिए।

सीएमएचओ ज्योत्सना रंगा ने बताया कि कार्यालय में प्राप्त शिकायत पर टीम ने गुड़ बनाने का कारखाना चलाने वाले उत्तर प्रदेश निवासी मुकेश जैन से दो गुड़ के एवं एक नमूना सेफोलाइट जो गुड़ में मिलाया जा रहा था का नमूना जांच हेतु लिया। टीम द्वारा मैस का निरीक्षण किया जिसमें मौके पर मुकेश जैन मालिक उपस्थित थे, जो गुड़ आम जनता को बेचने के बना रहे थे जिनमें से दो नमूने लिए। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही अंजाम दी जाएगी।

**9 हजार किलो गुड़ जब्त :-** टीम ने नमूना लेने के बाद मौके से 9 हजार किलो गुड़ एवं 30 किलो सेफोलाइट को जब्त कर सीज किया। सीएमएचओ डॉ. ज्योत्सना रंगा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल व सहायक राजकुमार इंदौरिया के मौजदूगी में मौके पर करीब चार हजार किलो सड़ गला गुड़ जो 25.25 किलो लोहे के टिन रखा हुआ था को जब्त किया और छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. नीतीश कुमार गुप्ता के निर्देश पर सिविल इंजीनियर विश्वेंद्र सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक आशीष शर्मा, सफाई निरीक्षक रवि कुमार व शिव राम मय टीम द्वारा गुड़ नष्ट किया।

# झुंझुनूं की बेटी मोहना सिंह स्क्वाड्रन लीडर बनीं


मोहना सिंह।

- तेजस उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनने पर मोहना सिंह के परिवार में खुशी का माहौल

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं की बेटी मोहना सिंह ने करीब आठ साल बाद एक बार फिर झुंझुनूं जिले का नाम रोशन किया है। 2016 में देश की पहली महिला फाइटर पायलट बनने वाली मोहना सिंह ने अपनी सफलता की कहानी को बरकरार रखते हुए अब स्कवाड्रन लीडर बन गई है और उन्होंने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवाते हुए अब वे देश की पहली महिला फाइटर पायलट बन गई है, जो एलसीए तेजस को उडाएंगी।

उदयपुरवाटी के समीप पापड़ा गांव की ढाणी जीतरवालों की निवासी मोहना सिंह दो बहनें है। वहीं उनके पिता प्रताप सिंह भी 2021 में एयरफोर्स से रिटायर हो चुके हैं। उनके दादा और नाना तक भी सेना में रह चुके हैं। नाना के साथ रहते हुए उसने दिल्ली में स्कूली शिक्षा पूरी और नाना को रोजाना एयरफोर्स की ड्रेस में देख वहीं से प्रेरित होकर उसने भी डिफेंस में जाकर अपना कॅरिअर बनाने का निर्णय लिया, जो आज सही साबित हो रहा है। तेजस उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनने पर मोहना सिंह के परिवर में खुशी का माहौल है। झुंझुनूं जिला मुख्यालय के समीप खतेहपुरा में उनके माता-पिता प्रताप सिंह और मंजू सिंह के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों में खुशी का माहौल है। मोहना सिंह की मां मंजू सिंह ने बताया कि इसी साल मई में मोहना सिंह गांव आकर गई थी। तब तक उसे भी नहीं पता था। लेकिन बाद में पता चला कि उसका चयन तेजस उड़ाने के लिए हो गया है। इसके बाद दो महीने की ट्रेनिंग हुई और सभी टेस्ट पास करने के बाद मोहना सिंह ने अपना नाम इतिहास में दर्ज करवा दिया है कि वे तेजस उड़ाने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बन गई है। सिर्फ 32 साल की मोहना सिंह की शादी तीन साल पहले ही बिजनसमैन मोहित के साथ हुई है।

मोहना सिंह की मां मंजू सिंह और पिता प्रताप सिंह ने बताया कि मोहना सिंह के परिवार में दादा, पिता, नाना सब डिफेंस में थे। ऐसे में माहौल तो पहले से ही था, लेकिन उसको असली प्रेरणा अपने नाना से मिली। उन्होंने बताया कि उन्हें दो बेटियां है। लेकिन उन्होंने कभी भी बेटे-बेटी में भेदभाव नहीं समझा। बड़े बुजुर्गों ने काफी कहा कि एक बेटा होना चाहिए, लेकिन हमारी बेटियों के मन में ऐसा ना आ जाए कि हम कमतर थी क्या जो हमारे माता-पिता को बेटे की जरूरत हुई। इसलिए कोई चांस नहीं लिया। पिता प्रताप सिंह ने कहा कि बेटियों को यदि सही शिक्षा और सही दिशा दिखाई जाए तो वे भी बेटों से कम नहीं है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मोहना सिंह है। आपको बता दें कि मोहना सिंह भारत की पहली महिला फाइटर पायलटों में से एक हैं। जो आईएएफ की ऐतिहासिक महिला फाइटर स्ट्रीम का हिस्सा हैं। उन्होंने मिग-21 उड़ाए और बाद में गुजरात के नलिया एयर बेस पर प्रतिष्ठित फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन में शामिल हुई।

# प्रविष्टियों में संशोधन का अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 17 से 21 नवंबर 2024 तक करवाया जाना प्रस्तावित है।

आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों अनुसार 20 सितंबर से 29 सितंबर 2024 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया जा रहा है। आयोग सचिव ने बताया कि ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है।

# दो आरएएस समेत 34 कार्मिकों पर एसीबी दो केस दर्ज करेगी

- छत्तरगढ़-पूगल में जमीनों का फर्जी आवंटन करने का मामला

**बीकानेर/छत्तरगढ़, (निसं)।** छत्तरगढ़-पूगल में करोड़ों रुपए की जमीन का फर्जी आवंटन करने वाले 34 कार्मिकों और 132 लाभाथियों पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अपना शिकंजा कसेगा। पिछली कांग्रेस सरकार के समय बड़े स्तर पर हुए जमीनों के फर्जीवाड़े में शामिल कार्मिकों के खिलाफ एसीबी में पद का दुरुपयोग करने के दो अलग अलग मुकदमे दर्ज करने का निर्णय लिया गया है।

छत्तरगढ़ और पूगल में बड़े स्तर पर जमीनों का फर्जी तरीके से आवंटन किया गया। जिला प्रशासन ने जांच कराई तो उजागर हुआ कि अधिकारी की मिलीभगत से जमीनों का फर्जी तरीके से 100 से ज्यादा लोगों को आवंटन हुआ और सरकार को करीब 25 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। जानकारों ने मुताबिक वर्तमान में बाजार मूल्य के हिसाब से 300 करोड़ से ज्यादा का घोटाला हुआ है। जिला कलेक्टर ने जमीन के फर्जीवाड़े की रिपोर्ट आरोपी कार्मिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सहमति जताते हुए राजस्व विभाग को भेजी थी। राजस्व विभाग ने एसीबी को छत्तरगढ़ और पूगल में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज करने के लिए कहा है। दो आरएएस सहित 34 कार्मिकों के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने के मुकदमे दर्ज होंगे। एसीबी ने इनमें से 23 कार्मिकों का सेवा रिकॉर्ड जुटा लिया है। एसीबी डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि बीकानेर में छत्तरगढ़-पूगल में जमीन आवंटन से संबंधित दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके होंगे, नहीं हुए तो कर लिए जाएंगे।

# जल भराव और सड़कों पर गड्डों का मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया

## मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष मूलचंदानी ने अजमेर का दौरा किया

- अध्यक्ष मूलचंदानी ने क्लाक टावर पुलिस थाने का निरीक्षण किया
- निरीक्षण के दौरान थाने पर कोई भी गिरफ्तारी नहीं पाई गई

**अजमेर, (कासं)।** मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष मूलचंदानी गुरुवार को अजमेर पहुंचे। उन्होंने यहां दौरा किया और क्लाक टावर पुलिस थाने का निरीक्षण किया। मीडिया से भी यहां बात की। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गंगाराम मूलचंदानी ने कहा कि अजमेर के बारे में वर्तमान में जलभराव, सार्वजनिक मार्गों पर गड्ढों, चिकित्सालयों में अनियमितता की शिकायत मिली है, उसे संज्ञान में लिया गया है।

अध्यक्ष ने कहा कि इस बार राजस्थान में बरसात अधिक रही। अभी भी बरसात का दौर चल रहा है। सड़कें बारिश के कारण खराब हुई हैं। निगम और प्रशासन राजस्थान सरकार अपने हिसाब से त्वरित रूप से ठीक करवा रही हैं। मानवीय मूल्य बिल्कुल बरकरार रहेंगे। लोगों की जो भी दिक्कत हैं, उसे जल्द दुरुस्त करवाया जाएगा। मूलचंदानी ने कहा कि आजकल डिजिटल दौर है। हम सभी लोग जागरूक हैं। मानवाधिकार से जुड़े सदस्य कार्यक्रम चलाकर जागरूक कर रहे हैं।

उन्होंने क्लॉक टावर थाने का निरीक्षण किया और कहा कि ह्यूमन राइट्स कमिश्नर से रिलेटेड बहुत सारी एक्टिविटीज चलाई जाती है। थानों में हमारे ह्यूमन राइट्स का प्रॉपर पालन हो रहा है या नहीं, इसे लेकर थाने का निरीक्षण किया है। थाने पर कोई भी गिरफ्तारी नहीं पाई गई।

निरीक्षण के दौरान सभी कुछ संतोषजनक मिला है लेकिन सफाई को और बेहतर करने का निर्देश दिया है। मानव अधिकारों की पालना के सवाल पर अध्यक्ष ने कहा कि हमारा पुलिस स्टाफ कानून से बंधा (आबद्ध) नागरिक है। आमतौर पर पुलिस की कोई शिकायत नहीं आती है। कभी-कभी कोई शिकायत मिलती है तो प्रभावी कार्रवाई भी करते हैं। जो भी दोषी होता है कानूनी रूप से कार्रवाई की जाती है।

# किशोरी को पैंथर ने शिकार बनाया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर के गोगुंदा थाना क्षेत्र के उंडीथल गांव में बकरियां चराने गयी एक किशोरी को पैंथर ने अपना शिकार बना लिया। पैंथर ने न सिर्फ किशोरी को मारा, बल्कि शरीर के कुछ हिस्से खा गया। किशोरी के गले पर पैंथर के दातों और शरीर पर जगह-जगह पंजों के निशान हैं। किशोरी 9वीं कक्षा में पढ़ती थी।

गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि पैंथर हमले में उंडीथल निवासी कमला (16) पुत्री अंबालाल गमेती की मौत हुई है। कमला नौवीं की छात्रा थी। वह बुधवार दोपहर बकरियां चराने गयी थी, देर शाम तक मवेशी तो घर लौट आए, लेकिन कमला घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। गुरूवार सुबह मवेशी चराने वाले क्षेत्र में एक जगह पर ग्रामीणों ने खून देखा, खून की बूंदों का पीछा किया तो करीब दो सौ फीट की दूरी पर झाड़ियों में कमला का क्षत-विक्षत शव पड़ा था। पैंथर अटैक में किशोरी की मौत की सूचना पर पुलिस, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पैंथर अटैक पर आक्रोश जताया।

# नाल एयरफोर्स स्टेशन से जवान लापता

**बीकानेर, (निसं)।** यहां से आठ किलोमीटर दूर स्थित नाल गांव से वायुसेना का एक जवान लापता हो गया। नाल में स्थित एयरफोर्स स्टेशन से वह निकला था, इसके बाद नहीं लौटा। परिजनों ने अब नाल पुलिस थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई है। जवान सौरभ राजपूत (28) है, जो वायुसेना में तैनात है। एयरफोर्स स्टेशन से बाइक पर सौरभ निकला था। उम्मीद की जा रही थी कि थोड़ी देर में आ जाएगा लेकिन नहीं आया। अब तक पता नहीं चला है।

उसके नहीं लौटने पर एयरफोर्स स्टेशन से उसके घर पर भी रिपोर्ट दी गई लेकिन वो वहां भी नहीं पहुंचा। सौरभ का मोबाइल भी स्विच ऑफ है। सौरभ पुत्र चतुर्भुज सिंह नाल एयर फोर्स स्टेशन से निकला था। उसने अपने घर पर आवश्यक काम बताया था और बाइक पर गया था। वह घर पर नहीं पहुंचा। परिजन भी लगातार उसके मोबाइल पर कॉल कर रहे हैं लेकिन वो लगातार स्विच ऑफ है। सौरभ राजपूत केकड़ी जिले के पिपलाज गांव का मूल निवासी है। सौरभ विवाहित है, लेकिन नाल एयरफोर्स स्टेशन पर फिलहाल अकेला ही रहता था।

# भारत और अमेरिका की सेना ने दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर हमला बोला

## बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में धमाकों की गूंज सुनाई दे रही है

- ''काल्पनिक युद्ध'' में दोनों देशों के 600-600 जवान हिस्सा ले रहे हैं

**बीकानेर, (निसं)।** भारत और अमेरिका की सेना का 72 घंटे का ''काल्पनिक युद्ध'' शुरू हो गया है। बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में धमाकों की गूंज सुनाई दे रही है। दोनों देशों के सैनिक मिलकर दुश्मन के ठिकानों को ढूंढकर ध्वस्त कर रहे हैं।

''काल्पनिक युद्ध'' में दोनों देशों के 600-600 जवान हिस्सा ले रहे हैं। भारत की 9वीं राजपूत रेजिमेंट के जवान पैदल आगे बढ़ेंगे। वहीं अमेरिकी जवान एम 777 हॉवित्जर तोप को तैनात करने से पहले दुश्मन के ठिकानों की एक्यूरेसी (सटीकता) का पता करेंगे। पिछले 12 दिन तक दोनों देशों के जवानों ने जो कुछ भी एक-दूसरे से सीखा है, उसको ''काल्पनिक युद्ध'' में अमल में लाएंगे। काल्पनिक युद्ध के लिए 72 घंटे की कार्य योजना बनाई गई है। संयुक्त सेना की अलग-अलग टुकड़ियों को जिम्मेदारी दी गई है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के लंबे-चौड़े क्षेत्र में गोपनीय तरीके से दुश्मन के ठिकाने बनाए गए हैं। जहां पहले इंफेंट्री (पैदल सेना) कूच करेगी। पैदल सेना जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे पीछे चल रही टुकड़ियों को सूचना भी दी जाएगी। दुश्मन के गोपनीय ठिकानों की सूचना पैदल सेना देगी। इसके बाद हेलिकॉप्टर से जवानों को जमीन पर उतारा जाएगा और वे दुश्मन के ठिकानों को ध्वस्त करेंगे। काउंटर टेरेरिज्म ऑपरेशन के तहत ये जवान आतंकियों के ठिकानों को ढूंढ रहे हैं। इंफेंट्री 716 राइफल कंधे पर तानकर आगे बढ़ रही है। राजपूत रेजिमेंट के जवानों की एक आंख राइफल के लेंस पर टिकी है। जैसे ही कोई टारगेट नजर आता है, वैसे ही ट्रिगर दबा दिया जाता है। अगर कोई बड़ा टारगेट मिलता है या रिपोर्ट मिलती है तो सेना के इंफॉर्मेशन सिस्टम से पीछे चल रही एम 777 हॉवित्जर तोप के साथ मौजूद जवानों को रिपोर्ट किया जाएगा। युद्ध में सेना का एक टेक्निकल सिस्टम भी साथ में चल रहा है, जो युद्ध स्थल की एक-एक सेकेंड की रिपोर्ट आला अधिकारियों को देगा। इस सिस्टम के माध्यम से तोप सेना को बताया जाएगा कि टारगेट कहां है और कितना बड़ा है। इसके बाद एम 777 हॉवित्जर तोप से उस पर हमला किया जाएगा। मैदान में एक टीम हेलिकॉप्टर से उतरेगी। अमेरिका के अलास्का में तैनात 11 एयरबोर्न डिवीजन के जवान इस युद्धाभ्यास का हिस्सा हैं। ये जवान अलास्का में तैनात हैं, जहां पहुंचने के लिए कोई वाहन नहीं है। सिर्फ हेलिकॉप्टर से ही पहुंचा जा सकता है। यह तकनीक भारतीय जवान भी जानते हैं। ऐसे में दोनों मिलकर दुश्मन के ठिकानों से निश्चित दूरी पर हेलिकॉप्टर से उतरेंगे और सीधे युद्ध के मैदान में पहुंच जाएंगे।

युद्धाभ्यास में अमेरिका और भारत दोनों हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम का इस्तेमाल सीख रहे हैं। काल्पनिक युद्ध में 3 दिन तक इसी आर्टिलरी सिस्टम का सबसे ज्यादा उपयोग होने वाला है। अमेरिकी हाई मोबेलिटी आर्टिलरी में अपने उस रॉकेट का उपयोग करेगा, जिसे रूस-यूक्रेन युद्ध में काम में लिया जा चुका है। 310 किलोमीटर मारक क्षमता वाले इस रॉकेट लॉन्चर का यहां करीब सौ किलोमीटर तक उपयोग हो सकता है। फिलहाल यह दुश्मन के काल्पनिक ठिकाने पर निर्भर करता है।


**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज - 10577086 दिनांक :- 19/09/2024

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन दक्षिण /07/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एंव राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद बिड आमत्रिंत की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code: JOD2425A0069,
UBN No.:- JOD2425WSOB00163, 00164, 00166

राज.संवाद/सी/24/5397 अधिशाषी अभियंता (जोन दक्षिण)

**राजस्थान महिला निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., जयपुर**
Third floor, B-Block, Udyog Bhawan, C-Scheme, Jaipur-302001

क्रमांक :- ग्रा.वि./रा.म.नि./2024-25/536 दिनांक :- 19/09/2024

**राजस्थान महिला निधि तृतीय वार्षिक साधारण-सभा (AGM) वर्ष-2024**

राजस्थान महिला निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि. जयपुर की तृतीय वार्षिक साधारण-सभा (AGM) का दिनांक 23.09.2024 प्रातः 11.00 बजे **''इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर''** के सभा भवन में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है जिसकी सूचना सदस्य महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समितियों को उनके पंजीकृत पतों पर भिजवाई जा चुकी है। उक्त बैठक में दिनांक 31 मार्च 2024 तक के सभी सदस्य महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समितियों के अध्यक्ष को सम्मिलित होने हेतु सार्वजनिक सूचना प्रेषित है।

राज.संवाद/सी/24/5384 मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**DIRECTOR WORKS (EO)**
**Rajasthan University Of Veterinary & Animal Science, Bikaner (Raj.)**

क्रमांक : F( )/DW(EO)/RAJUVAS/2024-25/582 - 592 दिनांक :- 18/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 08 वर्ष 2024-2025**

राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो, पंजीकृत संवेदको से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बधित विवरण वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp, www.rajuvas.org, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। UBN No.: VAU2425WSOB00075

राज.संवाद/सी/24/5358 भू-सम्पति अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका मावली जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :न.पा.मा/निर्माण/2024-25/ई-/653 दिनांक :- 12.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या - ई 2/2024-25**

नगरपालिका मावली द्वारा राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारो/संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | कुल 08 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि रु0 111.74 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलने की तारीख | 12.09.2024 प्रातः 09.00 बजे से 23.09.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की तारीख | 12.09.2024प्रातः 09.00 बजे से 23.09.2024 सांय 6.00 बजे तक |
| डी.डी भौतिक रूप से जमा कराने की दिनांक | 24.09.2024 दोपहर 12.00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 24.09.2024 दोपहर 1.00 बजे से |
| वित्तिय बिड खोलने की दिनांक | 24.09.2024 सांय 4.00 बजे से |
| युबीएन कोर्ड | DLB2425WSOB08314, 08315, 08316, 08317, 08318, 08319, 08320, 08321 |

अध्यक्ष नगरपालिका, मावली — अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, मावली
राज.संवाद/सी/24/5390

**कार्यालय नगर विकास न्यास जैसलमेर**

क्रमांक :- नविन्यास/जैसल/2024-25/1122 दिनांक :- 18.09.2024

**ई-नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर विकास न्यास, जैसलमेर में स्थित की निम्न योजनाओं में 02 व्यवसायिक भूखण्डों की ई-नीलामी SSO ID के माध्यम से वेबसाईट https://udhonline.rajasthan.gov.in/ पर लगाई जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| S. N. | Property Detail | Corner (Y/N) | Area (Sq.Mt.) | Type | Sandard BAR/FAR | Maximum Height (mt.) | Maximum Coverage Area | EMD (Rs.) | BSP (Per Sq.Mt.) | Bid Increament Amount in Multiple of Rs. (Per Sq.Mt.) | Starting Date & Time For Depositing EMD | Last Date & Time For Depositing EMD | Bidding Start Date & Time | Bidding End Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | Commercial Plot No. S-53 Amar Sahid Sagar Mal Gopa Scheme, Jaisalmer | Y | 2416.24 | Comm | As Per Byelaws | As Per Byelaws | As Per Byelaws | 1821845.00 | 37700.00 | 50.00 | 23.09.2024 00:00 Hrs | 06.10.2024 06:00 PM | 23.09.2024 00:00 Hrs | 07.10.2024 12:00 PM |
| 2 | Commercial Plot No. P-23 S.D. Vyas Hotal Complex Scheme, Jaisalmer | Y | 14430.77 | Comm | As Per Byelaws | As Per Byelaws | As Per Byelaws | 2597539.00 | 9000.00 | 50.00 | 23.09.2024 00:00 Hrs | 06.10.2024 06:00 PM | 23.09.2024 00:00 Hrs | 07.10.2024 12:00 PM |

नोट:- 1. नीलामी की विस्तृत सूचना मय शर्ते विभागीय वेबसाइट https://udhonline.rajasthan.gov.in/ एवं https://urban.rajasthan.gov.in/ पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/5371 सचिव

# नई पर्यटन इकाई नीति जल्द लागू होगी : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व रवि जैन की उपस्थिति में गुरुवार को पर्यटन भवन में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु पर्यटन विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं, अन्य घोषणाओं, "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 (9 से 11 दिसम्बर) के आयोजन से पूर्व 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री-समिट में पर्यटन विभाग की भूमिका के निर्वहन की कार्ययोजना पर चर्चा तथा पर्यटन विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

■ 'स्टेकहोल्डर्स को बताएंगे कि राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भवनाएं हैं'

दिया कुमारी ने बैठक पश्चात मीडिया से बात करते हुए कहा कि "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के आयोजन से पूर्व 8 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित होने वाली प्री-समिट में आने वाले स्टेकहोल्डर्स को बताएंगे कि राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भवनाएं हैं। हम उम्मीद करते हैं कि उक्त समिट में राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के कई एमओयू किये जा सकेंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि आज बैठक में राजस्थान की नई पर्यटन (यूनिट पॉलिसी) इकाई नीति पर चर्चा की गई है। राजस्थान पर्यटन इकाई नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे जल्दी ही राज्य में लागू किया जाएगा।

दिया कुमारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में नम्बर एक राज्य बनाएं। राजस्थान में पर्यटन के विभिन्न अवसर हैं। हम राजस्थान में पर्यटन का बेहतरीन माहौल तैयार करने के लिए काम कर रहे हैं। ताकि यहां अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक आएं। चाहे पर्यटक वेडिंग के लिए राजस्थान आएं चाहे रूरल ट्यूरिज्म के लिए आएं, चाहे इको ट्यूरिस्म के लिए आएं, चाहे वो वाइल्ड लाइफ ट्यूरिस्म लिए आएं या फिर घूमने फिरने के लिए आएं। हम चाहते हैं कि राजस्थान आने वाले देशी विदेशी पर्यटकों को शानदार पर्यटन अनुभव मिले। उन्हें यहां सभी आवश्यक और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिले, सुरक्षा मिले, सफाई मिले इसके लिए काम किया जा रहा है। जयपुर शहर की चार दिवारी की विरासत को संरक्षण और यहां पर्यटन विकास के लिए मैंने अभी पिछले दिनों दौरा भी किया है। हम यूडीएच, विद्युत विभाग तथा अन्य विभागों के साथ समन्वय से जयपुर और राजस्थान में पर्यटन की बेहतरीन सुविधाएं विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं।


बैठक में पर्यटन आयुक्त विजय पाल सिंह, राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा, निदेशक पुरातत्व विभाग पंकज धरेन्द्र, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन राकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी संयुक्त निदेशक (निवेश) पवन कुमार जैन तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मदन राठौड़ ने दी घर-घर दस्तक

**जयपुर।** भाजपा के देश भर में चल रहे सदस्यता महाअभियान के तहत आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर हैरिटेज निगम के वार्ड 92 के 115 नंबर बूथ पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर दस्तक देकर सदस्यता ग्रहण करवाई।

उन्होंने क्षेत्रवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा वैचारिक अधिष्ठान के लिए काम करने वाला एक मात्र राजनैतिक दल है, जिसका ध्येय है समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की यात्रा में भागीदार बनाकर समर्थ और समृद्ध समाज की रचना हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार के कार्यकाल के सौ दिन में किए गए कल्याणकारी कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि विपक्ष केवल देश को बदनाम करने और मोदी को गाली देने में व्यस्त है वहीं प्रधानमंत्री लोक कल्याण के लिए 15 लाख करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति देकर अपने संकल्प की पूर्ति में जुटे हैं।

# विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपनाएं सुरक्षा उपाय : हीरालाल नागर



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने गुरूवार को जयपुर सिटी सर्किल नॉर्थ में हुए विद्युत सुरक्षा कार्यों का अवलोकन किया।

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यों को गति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि बिजली के ट्रांसफॉर्मर खुले न छोड़े जाएं और फेंसिंग (सुरक्षा दीवार) आदि उपाय अपनाएं। इससे विद्युत दुर्घटनाओं तथा उनसे होने वाली जनहानि को कम किया जा सकेगा।

नागर गुरूवार को सीकर रोड खेतान हॉस्पीटल के पास जयपुर सिटी नॉर्थ सर्किल क्षेत्र में वितरण ट्रांसफॉर्मरों, रिंगमैन यूनिट एवं डिस्ट्रिब्यूशन पिलर्स पर फेंसिंग एवं ग्रेवलिंग के काम का अवलोकन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वृत्त के 21 वितरण ट्रांसफॉर्मरों पर विद्युत सुरक्षा के दृष्टिगत एफआरपी मेटेरियल की कुचालक जाली द्वारा फेंसिंग कर इसे एक मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने परीक्षण कर अधिकारियों को इसे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी लागू करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने जयपुर सिटी सर्किल नॉर्थ के मुरलीपुरा सब डिवीजन कार्यालय का निरीक्षण किया और यहां पौधारोपण भी किया।

जयपुर सिटी नॉर्थ सर्किल के अधीक्षण अभियंता अशोक रावत ने बताया कि सीकर रोड चौमूं पुलिया से रोड नम्बर 14 तक डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर व अन्य विद्युत उपकरणों की लोहे की जाली के स्थान पर यह फैंसिंग की गई है। साथ ही, जल भराव की संभावना वाले सभी स्थानों पर आरएमयू, पिलर बॉक्स तथा 176 डिस्ट्रिब्यूशन बॉक्स की फाउंडेशन को जमीन के स्तर पर पक्की ईंटों द्वारा उठाया गया है। सभी विद्युत उपकरणों की आवश्यकता के अनुसार पुनः अर्थिंग भी की गई है। इससे विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने में सहायता मिलेगी। इस दौरान जयपुर डिस्कॉम के तकनीकी निदेशक एस.एस. नेहरा, जोनल मुख्य अभियंता (जयपुर) आर.के. जीनवाल तथा अधीक्षण अभियंता अशोक रावत सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## फीडबैक लिया

**जयपुर।** भाजपा के देश भर में चल रहे सदस्यता महाअभियान के तहत जयपुर के तीन संगठनात्मक जिलों के प्रमुंख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश संगठन सह प्रभारी विजया राहटकर ने फीड बैक लिया और अभियान की सफलता के लिए मंत्र दिया। वे जयपुर शहर, जयपुर उत्तर ग्रामीण,जयपुर दक्षिण ग्रामीण के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिले की सदस्यता टोली के सदस्यों, विधायक से रूबरू हुई और अब तक की प्रगति रिपोर्ट ली।

## शिविर 24 को

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार 24 सितम्बर को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर जयपुर हॉस्पिटल लाल कोठी के द्वारा समस्त सफाई कर्मचारी एवं कार्मिको के लिए निःशुल्क हैल्थ चैकअप एवं जांच शिविर 24 सितम्बर को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जायेगा। आयुक्त रूकमणि रियाड ने बताया कि सफाई कर्मचारियों, अन्य कार्मिकों व उनके परिवार के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाय जा रहा है, कार्मिको को आई.डी. कार्ड आर.जी.एच.एस. कार्ड एवं आधारकार्ड लाना अनिवार्य हैं।

## नेता प्रतिपक्ष का बयान आरक्षण विरोधी : मीणा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रारम्भ से ही आरक्षण विरोधी रही है। यह बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयान से फिर साबित हुयी है। भाजपा प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने संसद के पटल पर कहा था कि वे सरकारी नौकरी में आरक्षण के खिलाफ हैं, उनके बाद इंदिरा गांधी के लगाकर राजीव गांधी और अब यही मंशा कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने अमेरिका में जा कर प्रकट की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आरक्षण समाप्त करने के बयान का ही आज समर्थन करते हुए जूली ने भी आरक्षण समाप्त करने की बात कहकर आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने की मंशा जाहिर की है।

# विकासकर्ता बताए, क्या काटे जाने वाले 617 पेड़ों की हो सकती है पुनर्स्थापना : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सांभर फुलेरा तहसील के हिरनोदा में रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाने के लिए 565 खेजड़ी सहित कुल 617 पेड़ काटने की कार्रवाई शुरू करने के मामले में विकासकर्ता कंपनी से पूछा है कि क्या इन पेडों को किसी अन्य स्थान पर पुनर्स्थापित किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने कंपनी से संबंधित भूमि के स्वामित्व की जानकारी भी देने की कहा है। सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश मेरीडियन फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि कंपनी की ओर से इन पेडों की काटने की एवज में तीन हजार से अधिक पौधारोपण किया है। इसके अलावा अदालत ने याचिकाकर्ता से भी कुछ सवाल-जवाब किए। इसके साथ ही अदालत ने विकासकर्ता कंपनी से जानकारी मांगते हुए प्रकरण की सुनवाई आगामी माह रखी है।

याचिका में अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने बताया कि रेलवे की गति शक्ति योजना के तहत हिरनोदा में मल्टी कार्गो टर्मिनल बनाया जाना प्रस्तावित है। यह टर्मिनल हस्ती पेट्रो केमिकल एंड शिपिंग लि. की और से बनाया जा रहा है। जिस जमीन पर यह टर्मिनल बनाया जाएगा, वहां राज्य वृक्ष खेजड़ी के 565 सहित कुल 617 हरे पेड़ मौजूद हैं। इन्हें हटाने के लिए कंपनी की ओर से सांभरलेक के उपखंड अधिकारी की प्रार्थना पत्र पेश कर अनुमति मांगी गई। वहीं गत 4 जुलाई को एडीएम ने इन पेड़ों को काटने की सशर्त अनुमति दे दी। इसमें एक शर्त यह भी थी कि कंपनी काटे गए पेड़ों के बदले दस फीट ऊंचाई के पांच गुणा पेड़ लगाएगी। याचिका में कहा गया कि पेडू काटने की अनुमति देने से पहले ऐसा कोई विकल्प नहीं तलाशा गया, जिससे कम से कम पेड़ काटे जा सकते हो। इसके अलावा पेड़ काटने की अनुमति पांच गुणा यानी की 3085 पेड़ लगाने की शर्त पर दी गई थी। जबकि तहसीलदार ने 7 अगस्त को उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कंपनी की ओर से पांच सौ पेड़ लगाने की जानकारी दी गई। याचिका में गुहार की गई कि पेड काटने के लिए दी गई एनओसी और प्रशासन की ओर से पेड़ काटने के लिए जारी नीलामी आदेश को रद्द किया जाए।

# जलेब चौक पर कब्जे को लेकर ट्रस्ट को बेदखल करने पर रोक

**जयपुर, (का.सं.)।** जिला न्यायालय, महानगर प्रथम ने जलेब चौक की खाली जमीन से पूर्व राजपरिवार से जुड़े महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट को बेदखल करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने कहा है कि ट्रस्ट को वादग्रस्त भूमि का उपयोग व उपभोग करने में बाधा उत्पन्न नहीं की जाए। अदालत ने यह आदेश महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट की अपील पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि मामले में अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम 1 महानगर प्रथम के 6 अगस्त, 2022 के आदेश के अनुसार वादग्रस्त संपत्ति अपीलार्थी की होना बताया गया है। इसके अलावा अपीलार्थी को बिना विधिक प्रक्रिया अपनाए इस संपत्ति से बेदखल नहीं करने और उपयोग व उपभोग में बाधा नहीं पहुंचाने के लिए पाबंद किया गया है। ऐसी स्थिति में यदि अपीलार्थी को बेदखल किया जाता है तो उसका अपील करने का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा और मामले में अनावश्यक पेचीदगियां पैदा हो जाएगी।

अपील में अधिवक्ता रमेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि निचली अदालत ने आदेश जारी करने से पूर्व अतिरिक्त जिला न्यायालय की ओर से पूर्व में दिए आदेश का विधि सम्मत अवलोकन नहीं किया गया है। अतिरिक्त जिला न्यायालय पूर्व में ही संपत्ति से बेदखल नहीं करने और उसके उपयोग व उपभोग में बाधा उत्पन्न नहीं करने के लिए पाबंद कर चुका है। ऐसे में निचली अदालत को जिला न्यायालय के आदेश के विपरीत जाकर निर्णय देने का अधिकार नहीं था। ऐसे में निचली अदालत के आदेश को रद्द किया जाए। वहीं नगर निगम की ओर अधिवक्ता पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने अदालत में पेश होकर जवाब देने के लिए समय मांगा। इस पर अदालत ने अपीलार्थी ट्रस्ट को बेदखल करने पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि ट्रस्ट ने वर्ष 1994 में निचली अदालत में दावा पेश कर कहा था कि उसने अपने स्वामित्व की जलेब चौक की खाली जमीन को लाइसेंस पद्धित परं आवेदकों को जगह दे रखी है। जहां आवेदक थडी और टीनशेड लगाकर रोजगार कर रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारियों ने 29 जून, 1994 को इन थडियों और टीन शेड को हटाना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर ट्रस्ट ने अपने चौकीदार नियुक्त कर दिए, ताकि निगम मौके पर कब्जा ना कर सके। दावे में गुहार की गई की निगम को पाबंद किया जाए कि वह मौके पर कब्जा ना करे और उसे बेदखल नहीं करे। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने ट्रस्ट के दावे को खारिज कर दिया था।

## 'समाज की अनदेखी करने वालों को सबक सिखाएं'

**जयपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा विदेशी धरती पर भारत में आरक्षण को समाप्त किए जाने संबंधित बयान का कांग्रेस के राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं द्वारा बचाव किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि आरक्षण से छेड़छाड़ के राहुल गांधी के मंसूबों को अपने लाभ के लिए जुली सहित कांग्रेस के नेता छुपा रहे हैं।

## दस्तावेज सत्यापन 23 सितंबर तक

**जयपुर।** राजस्थान अधीनस्थ सेवा बोर्ड द्वारा आयोजित संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023 में अनन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन 23 सितंबर 2024 से शुरू होगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा सोमवार, 23 सितंबर से सोमवार, 30 सितंबर 2024 तक निदेशालय आर्थिक एवं सांख्यिकी, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी स्कीम, जयपुर में दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा।

# ए.सी.बी. ने मेयर मुनेश और उनके पति सहित 4 के खिलाफ चालान पेश किया

**पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत लेने के इस प्रकरण में एसीबी मामलों की विशेष कोर्ट में पेश किया है 2502 पेज का चालान**

**जयपुर, (का.सं.)।** एसीबी ने पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत लेने के मामले में हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, उसके पति सुशील गुर्जर और दो अन्य अनिल कुमार दुबे एवं नारायण सिंह के खिलाफ गुरुवार को एसीबी मामलों की विशेष कोर्ट में 2502 पेज का चालान पेश किया है।

■ सुनवाई के दौरान महापौर के अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि मुनेश गुर्जर की "बेक बोन" में दर्द है, इसलिए वह उपस्थित नहीं हो पाई है। ऐसे में उन्हें पेश होने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने उनकी अर्जी मंजूर करते हुए समय दे दिया।

एसीबी ने चालान में माना कि मेयर मुनेश गुर्जर ने लोक सेविका होते हुए भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 ए के तहत अपराध किया है और उसका जुर्म प्रमाणित है। इस मामले में राज्य सरकार ने 6 सितंबर को मुनेश के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी दे दी थी। वहीं हाईकोर्ट ने भी दो सप्ताह में चालान पेश करने का निर्देश दिया था। इसके तहत ही मुनेश सहित अन्य के खिलाफ चालान पेश किया है। एसीबी ने मुनेश एवं उसके पति सहित अन्य आरोपियों पर पीसी एक्ट की धारा 7 ए और आईपीसी की धारा 120 के तहत आपराधिक षड्यंत्र का आरोप लगाया है। कोर्ट ने एसीबी के चालान को रिकॉर्ड पर लेते हुए मेयर मुनेश को भी पेश होने के लिए 5 अक्टूबर तक का समय दिया है।

सुनवाई के दौरान मेयर के अधिवक्ता दीपक चौहान ने कहा कि मुनेश की बेक बोन में दर्द है। इसलिए वह उपस्थित नहीं हो पाई है। ऐसे में उन्हें पेश होने के लिए समय दिया जाए। इस पर कोर्ट ने उनकी अर्जी मंजूर करते हुए समय दे दिया।

चालान में एसीबी ने कहा कि हेरिटेज मेयर मुनेश ने अपने पति सुशील गुर्जर के कहने पर पट्टों पर दस्तखत करना पेंडिंग रखा था। परिवादी के परिचितों का कार्य भी उसके पास पेंडिंग पाया गया। उसने पति सुशील गुर्जर के दलालों के जरिए पट्टों की एवज में रिश्वत की राशि लेने का अपराध भी प्रमाणित हुआ है। परिवादी सुधांशु सिंह ने 12 सितंबर 2023 को धारा 164 के बयानों में कहा है कि मुनेश ने राजीव शर्मा के पट्टे की फाइल निकालने और दस्तखत करने की एवज में एक लाख रुपए की मांग की। इस मांग पर 50 हजार रुपए की राशि अपने पति सुशील एवं अनिल कुमार दुबे की मौजूदगी में अपने हाथ में ली।

इस मामले में मुनेश सहित चारों आरोपियों के मोबाइल फोन, रिश्वत राशि का सत्यापन और आपसी बातचीत के एसडी कार्ड और अन्य आर्टिकल विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच के लिए भिजवाए हैं। वहां से रिपोर्ट आने पर पेश कर दी जाएगी।

## सार-समाचार

### चंद्रमनोहर बटवाड़ा का स्वागत किया

**जयपुर।** जयपुर के व्यापार मंडलों द्वारा जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के किशनपोल क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी रहे चंद्र मनोहर बटवाडा का जन्मदिन पर अभिनंदन किया गया। जयपुर के व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, जिनमें जयपुर व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, महामंत्री सुरेश सैनी, ज्वेलर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला, जयपुर के भूतपूर्व मेयर मनोज भारद्वाज, चौडा रास्ता के सोभाग मल अग्रवाल, नाहरगड रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष मिंतर सिंह राजावत, बगरू वालों का रास्ता व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, चांदपोल व्यापार मण्डल के महामंत्री घनश्याम भूतड़ा, सिद्धि विनायक व्यापार मण्डल के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, हल्दियों का रास्ता व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष जय किशन ग्वालानी मौजूद थे।

### बच्चों को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम की चेयरमैन मीनाक्षी शर्मा और निर्भया स्क्वॉड ने झोटवाड़ा स्थित निजी स्कूल में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। यह कार्यक्रम नगर निगम द्वारा संचालित शक्तिवंदन 2.0 के तहत किया गया। इस मौके पर पार्षद सुमेर सिंह जोधा, एडवोकेट स्वाति अग्रवाल और मनोवैज्ञानिक दीपा रायचंदानी भी मौजूद थीं। ग्रेटर निगम की महिला एवं बाल विकास समिति की अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बच्चों ने कहा कि, गलत का विरोध सिर्फ लड़कियां ही नहीं, लड़कें भी करें। स्वस्थ व सभ्य समाज में महिला व पुरूष दोनों का कंधे से कंधा मिलाकर चलना आवश्यक है। विद्यालय की प्राचार्या सीमा दीवान ने शक्ति वंदन टीम का आभार जताया। निर्भया स्क्वॉड टीम से मंजू चौधरी और मनोहर ने बच्चों को आपात स्थिति से सामना करने की तकनीकें बताए।

### हत्या की सूचना ने पुलिस की कराई परेड

**जयपुर।** करधनी इलाके में बुधवार देर रात हत्या की सूचना ने पुलिस की परेड करवा दी। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि थाना इलाके में स्थित मंगलम सिटी से निवारू रोड पुलिस को रोड किनारे खून से सना प्लास्टिक का कट्टा मिला।

## उपराष्ट्रपति को पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए : डोटासरा

**जयपुर, (का.प्र.)।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित बीजेपी और सहयोगी दलों की ओर से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर के शहीद स्मारक पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित पार्टी विधायक और सांसद शामिल हुए। इस मौके पर गोविंद सिंह डोटासरा ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की ओर से दिए बयानो को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति को संवैधानिक पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए।

डोटासरा ने उपराष्ट्रपति के बयान को लेकर कहा कि मैंने एक वीडियो देखा, जिसमें उपराष्ट्रपति कह रहे हैं कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आने के बाद हरियाणा में ईमानदारी से भर्तियां हो रही हैं, जबकि इससे पहले पर्ची के माध्यम से भर्तियां हुआ करती थी। उपराष्ट्रपति को संवैधानिक पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए और अगर गरिमा नहीं बना पाते हैं, तो हम कोई दूसरा रास्ता अपनाएंगे।

# झालावाड़ से पौने दो किलो अफीम लेकर जयपुर पहुंचा तस्कर गिरफ्तार

**पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स टीम की कार्रवाई**

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पुलिस मुख्यालय की टीम ने ट्रेन से झालावाड़ से मादक पदार्थ अफीम लेकर जयपुर पहुंचे तस्कर गोपाल डोली पुत्र रामलाल (27) निवासी गुराडिया जोगा थाना मिश्रौली (झालावाड़) को सदर थाने के सामने दबोच लिया। आरोपी के पास से 1 किलो 760 ग्राम अफीम बरामद की गई।



तस्कर गोपाल डोली

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि इनामी अपराधियों व अवैध मादक पदार्थो के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई एवं उनके बारे में आसूचना संकलन के लिए डीआईजी योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में अलग अलग टीमें गठित की गई है।

सब इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, कमल सिंह, महावीर सिंह शेखावत एवं कांस्टेबल नरेश कुमार, सोहन देव व सुरेश कुमार की एक टीम जयपुर, जोधपुर और कोटा रेंज रवाना की गई थी। आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महेश सोमरा को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से ट्रेन में मादक पदार्थ लेकर जयपुर आ रहा है। इस पर सूचना को विकसित किया गया।

सूचना पुख्ता होने पर सदर थाना पुलिस को सूचित किया गया। सूचना के अनुसार एक व्यक्ति सदर थाने के सामने बैग के साथ नजर आया। जिसे स्थानीय पुलिस की मदद से पकड़ा तो उसने अपना नाम गोपाल डोली निवासी झालावाड़ बताया। आरोपी के पास मिले बैग को चेक किया तो उसमें 1 किलो 760 ग्राम अफीम मिली। एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिससे मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा की महत्वपूर्ण भूमिका तथा एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, कमल सिंह, महावीर सिंह शेखावत, कांस्टेबल नरेश कुमार, सोहनदेव व सुरेश कुमार का सहयोग रहा। टीम का कुशल नेतृत्व सब इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर द्वारा किया गया।

# बिजली के खंभों पर लगे टेलीकॉम कंपनियों के अवैध तारों को हटाया

**जयपुर।** टेलीकॉम कंपनियों के अवैध तारों के जाल से पूरा शहर बदरंग है। बिजली के खंभों पर झूलते तार आयेदिन हादसे का कारण बन रहे हैं। नगर निगम की बिना परमिशन ही शहरभर में विद्युत पोल्स पर टेलीकॉम कंपनियां एरियल कैबल्स बिछाकर चांदी कूटने में लगी है। अब ग्रेटर निगम आयुक्त ने इन कंपनियों पर शिकंजा कसना शुरू किया है।

बुधवार रात 10 बजे से गुरूवार सुबह 5 बजे तक ग्रेटर निगम के दस्ते ने संयुक्त अभियान चलाकर सांगानेर थाने से लेकर चौरड़िया पेट्रोल पंप तथा सांगानेर स्टेडियम से मुख्य बाजार में बिजली के खंभों पर लगी अवैध एरियल केबल्स काटकर जब्त की। निगम टीम भी हैरान रह गई, जब एक-एक खंभे पर 60 से अधिक अवैध केबल का जाल देखा।

■ ग्रेटर निगम ने बुधवार रात 10 बजे से गुरूवार सुबह 7 बजे तक सांगानेर थाने से चौरड़िया पेट्रोल पंप तक और सांगानेर स्टेडियम से मुख्य बाजार के क्षेत्र में कार्रवाई की

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि जयपुर शहर के सौन्दर्यकरण को देखते हुये ग्रेटर निगम की टीमों को शहरभर में लगी अनाधिकृत नियम विरूद्ध एरियल केबल काटने के निर्देश दिए है। ऐसे स्थानों पर विजिलेंस टीम द्वारा गश्त भी करवाई जायेगी, ताकि अवैध केबल लगने की पुनरावृत्ति ना हो सके।



उपायुक्त राजस्व प्रथम जनार्दन शर्मा ने बताया कि लाइसेंस शाखा, सांगानेर जोन की विद्युत, मुख्यालय की गैराज शाखा की टीम एवं सर्तकता शाखा के जाप्ते के साथ विभिन्न टेलीकॉम सेवा प्रदाता कम्पनी एवं अन्य डिजिटल केबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा नगर निगम के विद्युत पोल्स पर लगाई गई अवैध एरियल केबल एवं नियम विरूद्ध एरियल केबल को संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया। अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा प्रत्येक पोल से 60 से अधिक अवैध एरियल केबल हटाई गई।

# सड़क के बीच बने खड्ढ़े ने ले ली बाइक सवार युवक की जान

**जयपुर।** जवाहर नगर इलाके में बाइक से घर लौट रहे एक युवक की रोड बीच बने गड्ढे ने जान ले ली। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात वह अपने भांजे के साथ बाइक से घर लौट रहा था और गड्ढे को बचने के लिए साइड काटते ही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई और घायल भांजे के मामूली चोट आई। सड़क दुर्घटना थाना पुलिस (पूर्व) ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने बताया कि हादसे में रामगढ़ मोड आमेर निवासी अजय कुमार शर्मा (29) की मौत हो गई। उसका भांजा रोशन (22) के मामूली चोट आई है। जो बुधवार रात बाइक पर बैठकर गांधी नगर से घर जा रहे थे। झालाना डूंगरी में अरण्य भवन चौराहा के पास बीच रोड पर बरसात के कारण बीच रोड पर गड्ढा बना हुआ है।

# 'किसी को रुकी हुई पेंशन मिली तो किसी को मुफ्त इलाज व छात्रवृति'

**जयपुर।** किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई, तो किसी को निःशुल्क इलाज के रूप में मिली संजीवनी, किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला छात्रवृत्ति का संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा। कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई का।जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं जयपुर ग्रामीण सांसद श्री राव राजेंद्र सिंह सहित विधायकों की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 176 परिवादियों के परिवाद सुने, जिनमें से कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।कलक्टर के निर्देश पर फरियादी रणवीर सिंह को अब कैंसर का इलाज निःशुल्क मुहैया करवाया जाएगा। वहीं, मुन्नी देवी की एक साल से रुकी हुई पेंशन भी शुरू हो गई है। जब मौके पर ही फरियादियों को समस्याओं का समाधान मिला तो उन्होंने जिला कलक्टर का आभार जताया। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 176 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, पत्थरगढ़ी, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, आवासीय पट्टा, बनवाने नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

# समस्याओं का समयबद्ध और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण कर पहुंचाए तुरंत राहत : कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर महापौर राकेश पाठक, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी सहित जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।



कलक्टर ने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

इस दौरान सतर्कता समिति में दर्ज 14 प्रकरणों की सुनवाई की गई तथा जनसुनवाई में 65 परिवाद सुने और परिवादियों को राहत पहुंचाई गई। जिला कलक्टर ने बैठक में आए परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके परिवादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समयबद्ध रूप से प्रकरणों का समाधान हो।

जिला कलक्टर ने जन सुनवाई में दिया निर्देश, बिजली से मरे व्यक्ति के परिवार को मिले सहायता राशि - जिला कलक्टर ने एक परिवाद जिसमे परिवादी ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य की करंट लगने से मृत्यु हुई है। उन्होंने जानकारी के अभाव में दुर्घटना योजना का लाभ नहीं लिया। परिवार मृतक पर ही आश्रित था। इस घटना के बाद परिवारजन ने जन सुनवाई में जिला कलेक्टर के समक्ष परिवार सहायता के लिए सहायता राशि की मांग की। जिला कलक्टर ने इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए भीलवाड़ा तहसीलदार को मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से प्रकरण बनाने के निर्देश दिए ताकि परिवादी को राहत मिल सके। जनसुनवाई में यूआईटी, नगर परिषद से भूमि के पट्टे दिलाए जाने, अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, विद्युत कनेक्शन, राजस्व

- सतर्कता के 14 प्रकरण और जनसुनवाई के 65 परिवाद सुने

संबंधी अन्य परिवाद रखे गए जिसके समाधान के लिए जिला कलक्टर ने प्रकरणों की जांच कर परिवादियों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। एक परिवाद जिसमे खातेदारी भूमि पर रास्ता उपलब्ध कराने के लिए प्रकरण की जांच कर उपखंड अधिकारी आसींद को रास्ते से अतिक्रमण हटाने तथा परिवादी को खातेदारी भूमि के लिए रास्ता उपलब्ध करा राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। गुलाबपुरा खारी का लाम्बा में पेयजल समस्या के समाधान के लिए उपखंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए जलदाय विभाग के अधिकारी को त्वरित एक्शन के निर्देश दिए। शंभूगढ़ में चारागाह भूमि से अतिक्रमण की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## लावारिस बाइक व मोबाईल किया पुलिस के सुपुर्द

**अजमेर, (कासं)।** हरि ओम कॉलोन विकास समिति के पदाधिकारियों ने कॉलोनी रमेश लालवानी के नेतृत्व में बुधवार देर रात्रि में लावारिस अवस्था में कालाराम चौहान के लेन संख्या सात और सुनीता पंजाबी के निवास लेन संख्या सात एवं पांच सी के बीच रास्ते में खड़ी लावारिस मोटर साईकिल संख्या आरजे01-एलएस-4872 रामंगज थाने को सूचना देकर सिगमा अधिकारी मनीष के मध्यम से थाने पहुंचा।

रमेश लालवानी ने वृत्तनिरीक्षक रविन्द्र सिंह खीची और डयूटी अधिकारी को बताया कि सुनीता पंजाबी को उसी स्थान पर लावारिस अवस्था में आधुनिक मोबाईल भी मिला जिसे भी गुरुवार को डयूटी अधिकारी प्रकाश चन्द को थाने में उनके कक्ष में सुपुर्द कर दिया और जांच करवाने की मांग की। हरि ओम कॉलोनी की सुनीता पंजाबी, कान्हाराम चौहान, नर्बदा चौहान, नन्द किशोर अरोडा व मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि सुनीता अरोडा के आवास के दरवाजे किसी के द्वारा देर रात्रि में खोलने के असफल प्रयास किए, जिनमें तीन में से एक गेट नहीं खुल पाया। पदाधिकारियों ने क्षेत्र में उचित गश्त करवाने की जिला पुलिस अधीक्षक से मांग की है।

## सार-समाचार

### पहल सोढा ने स्वर्ण पदक जीता



**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** जिला स्तरीय योगा चैम्पियनशीप में किशनगढ़ की होनहार बिटिया ने स्वर्ण पदक जीतकर किशनगढ़ को गौरान्वित कर दिया। आर के मार्बल में कार्यरत वीरेंद्र सिंह सोढा की बिटिया पहल सोढा ने जिला स्तरीय कंपीटिशन में स्वर्ण पदक जीतकर परचम लहराया।मयूर स्कूल अजमेर में आयोजित योगा चैम्पीयनशिप में पहल सोढा ने ट्रेडिशनल कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया।गोल्ड मेडल जीतने पर परिवारजनो सहित चित परिचितो ने हर्ष व्यक्त कर खुशी का इजहार किया। विजेता पहल लोढ़ा ने बड़ी उपलब्धि हासिल करने पर इसका श्रेय गुरुजन व माता पिता को दिया है।

### भामाशाह राठी का अभिनंदन

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शिक्षा के विकास में अभूतपूर्व सहयोग देने के लिए 28वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा "शिक्षा विभूषण पुरस्कार से सम्मानित होने पर पर भामाशाह श्रीगोपाल राठी (चेयरमैन संदीप मोटर्स प्रा. लि.) का बुधवार को शास्त्री नगर युवा संगठन द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। संगठन अध्यक्ष आदित्य मालीवाल, सचिव अरुण बियानी, कोषाध्यक्ष राहुल पोरवाल सहित राहुल बियानी द्वारा भामाशाह राठी को दुपटा ओढाकर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि भामाशाह श्रीगोपाल राठी के द्वारा सन 2021 मे श्रीनगर, अजमेर में सरकारी स्कूल को गोद लेकर विद्यालय की काया पलट करते हुए 2 करोड़ 32 लाख रुपए लागत से पुराने जीर्ण शीर्ण भवन को ध्वस्त करवा कर दो मंजिला 20 कक्षा कक्षों मय फर्नीचर सहित विद्यालय में आंगनबाड़ी भवन, मय डबल मंजिल बरामदे, छात्र छात्राओं के शौचालय, 500 छात्र हेतु आधुनिक फर्नीचर, वाटर कूलर, बोरिंग सीसी ग्राउंड फर्श व मंच का निर्माण करवा कर नये आयाम स्थपित किए।

### 5 नेबुलाइजर मशीन भेंट की

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारीयो के प्रकोप के चलते अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है । तो वही बच्चे सर्दी जुकाम खांसी से ग्रस्त होने के कारण अस्पताल मेंबच्चों की भी भीड़ देखने को मिल रही है इसी के चलते अस्पताल में बच्चों के लिए नेबुलाइजर मशीन एक होने कारण घंटो तक नेबुलाइजर के लिए बच्चों को इंतजार करना पड़ रहा था मामले की जानकारी पुष्कर में सामाजिक सरोकार और बालिका शिक्षा में अग्रणी फाउंडेशन फियोर दी लोटो इंडिया के अध्यक्ष दीपू महर्षि उर्फ ज्योति स्वरूप महर्षि वह संस्थापिका मारा सांद्री को मिलने पर उन्होंने तुरंत प्रभाव नर्सिंग अधिकारी सविता पाराशर को पांच नेबुलाइजर मशीन अस्पताल के लिए भेट की दीपू महर्षि ने बताया कि पुष्कर अस्पताल में शीघ्र ही और भी उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे।

### दिया ज्ञापन

**पुष्कर, (निसं)।** तीर्थ नगरी पुष्कर में भारी बरसात के बाद सरोवर परिक्रमा मार्ग बड़ी पुलिया( हाई लेवल ब्रिज) का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाने से स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से आम जन व वाहनों का आवागमन पूर्ण रूपेण बंद कर दिया यह मार्ग धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए सरोवर परिक्रमा तथा वी आई पी व ब्रह्मा मंदिर जाने वालों के लिए महत्वपूर्ण होने से तथा डेढ़ माह बाद अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला आयोजन को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ने जिला जन सुनवाई में जिला कलक्टर से मुलाकात कर इसकी जल्दी से जल्दी मरम्मत करवाने का मांग पत्र सौंपा। जिस जिला कलक्टर ने हाथों हाथ मौजूद अजमेर विकास प्राधिकरण के अधिकारी को अविलंब पुलिया मरम्मत का एस्टीमेट बनाने के साथ जल्द ही कार्य शुरू करने के निर्देश दे दिए।

### भारतीय मजदूर संघ ने दिया ज्ञापन

**ब्यावर, (निसं)।** भारतीय मजदूर संघ ने ईपीएस -95 पेंशनर्स की मांगों के लिए देशभर में 19 सितंबर को जिला मुख्यालय पर कलेक्टर महोदय को प्रधानमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन दिया गया।शंकर सिंह रावत ने बताया कि ईपीएस -95 की न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर 5000 प्रति माह की जावे तथा पेंशन मे महंगाई भत्ते को जोड़ा जावे। सभी पेंशनर्स को आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना का लाभ दिया जावे।इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ जिला ब्यावर संरक्षक दिलीप सेन, जिला मंत्री दिलीप जांगिड़, शंकरसिंह रावत, आदित्य गहलोत, मोहन सिंह रावत, सोहन सिंह, नीरू काठात, ललित दगदी, जय किशन, अहमद काठात ,बालू सिंह, शांतिलाल,रामेश्वर प्रसाद वर्मा, बाबूलाल सोनल आदी पदाधिकारि मौजूद रहे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 22 को

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में बाबा साहेब रतन लाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से 22 सितंबर को जयपुर रोड़ कृषि मंडी के पास खांडल विप्र छात्रावास में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा। सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोज्य शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के डॉक्टर्स अपनी सेवाए देंगे। रोगी को अपने साथ आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी, एक जोड़ी ड्रेस, दवा पर्ची साथ लानी होगी। संयोजक मुकेश जैन ने बताया कि नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त पाए जाने पर रोगी का जयपुर में निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन किया जायेगा।

### शाहपुरा में एकता बनी विशाल

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा में गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद खाली पांडाल में अपशिष्ट मिलने से माहोल गरमा गया था। इस मामले को लेकर शाहपुरा जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार कावट के निर्देशन में गठित पुलिस टीमो द्वारा अनुसंधान किया गया, इससे संतुष्ट होकर दोनों हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस मामले का पटाक्षेप करने का निर्णय लिया।

# शराब की दुकान हटाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** नगर निगम के वार्ड संख्या 54 कल्याणीपुरा डाकलों की ढाणी में शराब का ठेका खोले जाने से नाराज क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को पार्षद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर शराब का ठेका बंद करवाने की मांग की गई।

नगर निगम के वार्ड संख्या 54 के पार्षद सुनील धानका ने बताया कि कल्याणीपुरा रोड में कुछ दिनों पहले एक शराब का ठेका खोला गया है। ठेका बीच गांव में अनुसूचित जनजाति के रिजर्व वार्ड में खोला गया है, जिसका संपूर्ण गांव में विरोध है। जिसको लेकर गुरुवार को क्षेत्रवासियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया। जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन देकर ठेका बंद करवाने की मांग की गई है। कलेक्टर दिए ज्ञापन में स्थानीय क्षेत्रवासी कमला देवी सहित अन्य ने बताया कि बस्ती में और शमशान के रास्ते में शराब का ठेका खोला गया है, जिस पर शराबी सुबह-शाम शराब पीकर उत्पात मचाते रहते हैं। आए दिन शराब के नशे में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। ठेका दिन रात चलता रहता है। जिसके कारण यहां रहने वाले लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। रमा देवी ने बताया कि पूर्व में आबकारी विभाग ने यहां पर शराब का ठेका खोलने की अनुमति दी थी, जिसका भी विरोध किया गया था, उसके पश्चात ठेका बंद कर दिया गया, लेकिन गत कुछ दिनों से पुनः शराब का ठेका खोलने की अनुमति देकर क्षेत्र की शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि शराब के ठेके को क्षेत्र से हटाया जाए। इस अवसर पर विष्णु कुमार एवं रमेश कुमार के नेतृत्व में अरणा, कमलादेवी, मैना देवी, गीता देवी, रमा देवी, सीता, पवन, गुलाम, मोना, कमला, छीतर, मदनसिंह, रामसिंह, दुर्गादेवी, माया, भारती, बीरी, चेतना, रेखा, कविता, विमला, अनिता, शोभा, ज्योति सहित अनेक महिला पुरूष सम्मलित थे। महिलाओ ने अतिरिक्त जिलाधीश ज्योति ककवावनी, गजेन्द्र सिंह राठौड, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई से शराब ठेकेदार द्वारा एवं उससे सम्बंधितो के द्वारा अभद्र, नग्न प्रदर्शन सहित शराबियों के द्वारा कॉलोनी वासियो को निरन्तर परेशान करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

## डिवाईडर व लाईटो की मांग

**अजमेर, (कासं)।** जन सेवा समिति अजमेर, हरि ओम कॉलोनी विकास समिति, सियाराम नगर विकास समिति, अजयमेरू सेवा समिति और चन्द्रवरदाई नगर व्यापारिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आशा गंज स्थित महर्षि स्वामी दयानन्द मुक्तिधाम से रामगंज थाने तक पूरे मार्ग में डिवाईडर बनवाकर रोड में लाईटें लगवाने की मांग जिला व निगम प्रशासन से की है। इस मार्ग पर सिटी बस नही चलने से परेशानी का समाना करना पडता है। सियाराम नगर के आरएस चितौडिया, लक्ष्मी चितौडिया, कान्हाराम चौहान, सुधन वर्मा, गुलाब कंवर वर्मा, नर्बदा चौहान, जन सेवा समिति की उषा देवी जैन, संजय लालवानी ने आशा गंज से तेल डिपो शहीद भगत सिंह मार्ग तक यातायात के साधन नहीं होने के कारण महिलाओ, वरिष्ठ नागरिको और बच्चो को परेशानी का सामना करना पडता है।

# ईपीएफ पेंशन स्कीम में बढ़ोतरी की मांग

- भारतीय मजूदर संघ का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन
- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर लोक बंध को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार द्वारा ईपीएफ-95 पेंशन स्कीम में बढ़ोतरी कर 5 हजार रुपए करने की मांग की।

भारतीय मजदूर संघ के संभागीय संगठन मंत्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान में ईपीएफ-95 पेंशन स्कीम के तहत पेंशनभोगी को एक हजार रुपए पेंशन दी जा रही है, बढ़ती महंगाई में यह पेंशन पर्याप्त नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार से मांग है कि पेंशन राशि को बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया जाए। केंद्र सरकार द्वारा सकारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

संगठन मंत्री धर्मेन्द्र कुमार व भोलनाथ आचार्य ने बताया कि ईपीएफ-95 पेंशन स्कीम सितंबर 2014 में लागू की गई थी। दस साल के अंतराल में केंद्र सरकार ने इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

बढ़ती महंगाई के दौर में एक पेंशनभोगी परिवार को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि न्यूनतम पेंशन पांच हजार रुपए की जाए और महंगाई भत्ते भी प्रदान किए जाए, साथ ही पेंशनधारी कर्मचारी को आयुष्मान योजना से भी जोड़ा जाए।

# पेयजल के नाम पर विभाग का फर्जीवाड़ा आया सामने

**मसूदा, (निसं)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हुए फर्जीवाडे एवं भ्रष्टाचार के चल रहे मामले के साथ ही ब्यावर जिले के मसूदा क्षेत्र में फर्जीवाड़े की एक और जानकारी सामने आई है। मामले से जुड़े तथ्यों के अनुसार जलदाय विभाग ने जिन सरकारी विद्यालयों में पेयजल हेतु राशि खर्च करना दर्शाया गया है। उन संबंधित सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार का कोई भी कार्य नहीं किया गया। मामले से जुड़े बिंदुओं पर दृष्टि डाले तो जलदाय विभाग ने इन राजकीय विद्यालयों में डीएमएफटी योजना अंतर्गत पेयजल व्यवस्था के नाम पर प्रत्येक विद्यालय में 1लाख 18 हजार रुपये का कार्य करवाया जाना तो बताया है पर काम कुछ भी नहीं हुआ।

विद्यालयों में पेयजल कार्य के नाम पर हुए फर्जीवाडे के तथ्यों की बात करें तो खुद विभाग के द्वारा विद्यालयों में पेयजल के नाम पर हुए कार्य योजना का नाम एवं यहाँ तक कि कार्य के निमित की जाने वाली राशि भी अंकित कर खुद जलदाय विभाग ने ही इसे प्रमाणित कर दिया कि काम नहीं हुआ इस मामले का अत्यन्त गंभीर विचारणीय बिंदु तो यह है कि जिन सरकारी संस्थानों मे पेयजल के नाम पर काम करवाया जाना दर्शाया गया है उन विद्यालयों में जब काम ही नहीँ तो फिर इस प्रकार विद्यालयों में पेयजल के नाम पर कार्य योजना का नाम एवं राशि क्यों और किस लिए अंकित कर दी गई। जब काम ही नहीं हुआ और इस तरह का अंकन क्यों कैसे और किस लिए किया गया।

मसूदा क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के मामले बरती गई अनियमितताओं को लेकर वीरेंद्र सिंह कानावत के द्वारा पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा सदन में उठाए गए मामले एवं जलदाय विभाग में बड़े स्तर पर हुए जल जीवन मिशन घोटालों में एक और कड़ी जुड़ती नजर आ रही हैं। विधायक को विद्यालयों में जांच करवानी चाहिए।

## केबीसी विजेता उज्ज्वल प्रजापति का अभिनन्दन

**ब्यावर, (निसं)।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा कौन बनेगा करोड़पति में विजेता रहे उज्ज्वल प्रजापति का अभिनन्दन किया गया। उज्ज्वल ने पिछले सत्र में हिन्दी साहित्य में स्नातकोत्तर परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। हिन्दी विभाग के सभी प्रोफेसर ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया तथा प्राचार्य डॉ रेखा मण्डोवरा ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी। सभी प्रोफेसर ने बताया की अध्ययन के प्रति जिज्ञासा का भाव, कड़ी मेहनत और लगन उज्ज्वल में प्रारंभ से ही रही है। नियमित रूप से स्नातकोत्तर कक्षाओं में उपस्थिति एवं अध्ययन से ही उज्ज्वल को यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ वीना सोनी, डॉ सुनीता अवस्थी, डॉ हरीश कुमार, डॉ दीपाली शर्मा, डॉ प्रतिमा खटुमरा सहित हिन्दी विभाग के शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अंतिम यात्रा के लिए शमशान घाट का रास्ता तक नहीं

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड के ग्राम श्यामपुरा में सुवा सिंह रावत की मौत होने पर ग्रामवासियों के द्वारा शमशान घाट में जाने का रास्ता नहीं होने के वजह से कंधों पर लकड़ी ले जाकर दाह संस्कार किया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि शमशान घाट की स्थिति बहुत ही खराब है, ना तो जाने का रास्ता

- तीन गांवों के लिए शमशान घाट के चारों तरफ पानी ही पानी भरा हुआ है



ग्रामवासियों को शव को पानी में से लेकर जाना पड़ता है।

है और ना शमशान घाट में किसी तरह की कोई सुविधा है।

ग्रामवासियों ने बताया कि तीन गांवों का श्यामपुरा, पोखरिया का बाड़िया, बोया का बाड़िया का शमशान घाट एक ही है। शमशान घाट कई सालों पुराना है लेकिन अभी तक एक कील का काम भी शमशान घाट में नहीं करवाया गया है। बहुत बार शमशान घाट को लेकर सरकार और प्रशासन को शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है इसलिए मजबूरन ग्रामवासियों को कांटों और झाड़ियों से होते हुए शमशान भूमि तक जाना पड़ता है। बहुत सी बार टीनशेड के अभाव में बारिश में किसी की मौत होने पर दाह संस्कार नहीं किया जाता।

# महुआ गांव में यूपी के मौलाना द्वारा राष्ट्र विरोधी नारेबाजी करने पर माहौल गरमाया

## पुलिस ने 8-9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, मौलाना के ख़िलाफ़ भी कार्रवाई की जा रही है

**माण्डलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ के महुआ गांव में बुधवार शाम एक मौलाना के छोटे बच्चों के साथ राष्ट्र विरोधी नारे के लगाने के आरोप को लेकर हिन्दू संगठनों और ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया था। इस घटना में कुछ असामाजिक तत्वों ने समुदाय विशेष की दुकानों को निशाना बनाकर करीब आधा दर्जन दुकानों में तोड़फोड़ कर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में महुआ गांव में माहौल गरमाने को लेकर पुलिस का पर्याप्त जाब्ता काफी देरी से पहुंचा। इसी के चलते उपद्रवियों को आगजनी और तोड़फोड़ करने का मौका हाथ लग गया। इस मामले को लेकर मांडलगढ़ थाना पुलिस ने 8-9 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है, वहीं राष्ट्र विरोधी नारेबाजी के मामले में उत्तरप्रदेश निवासी मौलाना के ख़िलाफ़ भी कार्रवाई की जा रही है।



मांडलगढ़ के महुआ गांव में साम्प्रदायिक माहौल गरमाने के बाद लोगों से रते जनप्रतिनिधियों ने समझाइश की।

महुआ गांव में गरमाए माहौल को लेकर यहां के पूर्व सरपंच रणजीत सिंह और मुस्लिम समाज के सदर महमूद अली मंसूरी ने पुलिस और प्रशासन को साथ लेकर मौर्चा संभाला। विधायक प्रतिनिधि मुकेश खण्डेलवाल, डीवाईएसपी बाबूलाल विश्नोई, तहसीलदार ललित डिडवानिया सहित जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों से अलग-अलग स्तर पर वार्ता की।

दोनों पक्षों के आक्रोशित लोगों और व्यापारियों से समझाइश कर गरमाए माहौल को शांत कराया। दोनों पक्ष का

- साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ने पर सभ्य लोगों ने मोर्चा संभाल कर हालात सामान्य किए

कहना है कि गांव में वर्षों से साम्प्रदायिक सौहार्द की परंपरा रही है, उसे बरकरार रखने की पहल जारी रहेगी।

मांडलगढ़ थाना प्रभारी चन्द्र प्रभात ने बताया कि उक्त घटना को लेकर मांडलगढ़ के अतिरिक्त अन्य थाने और पुलिस लाइन से जाब्ता बुलाया गया। भीलवाड़ा से आई दमकल ने आगजनी की दुकानों पर काबू पाकर आग बुझाई। इस घटना में किसी भी पक्ष ने थाने में थाने में रिपॉर्ट नहीं दी है।

पुलिस ने उपद्रव करने के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ़्तार किया है। फिलहाल महुआ गांव में शांति बहाली हो गई है और बाजार खुल कर हालात सामान्य हो चुके हैं।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरे पटवारी

**मसूदा, (निसं)।** आनलाइन गिरदावरी में हो रही परेशानियों को लेकर राजस्थान पटवार संघ की और से की जा रही पेन डाउन हड़ताल गुरुवार को अनिशितकालीन हड़ताल में बदल गई। दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल के बाद भी पटवारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण राजस्थान पटवार संघ ने अब अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला लिया है। जिसके चलते सभी पटवारी तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान पटवारियों ने राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन करते हुए पटवार एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पटवारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को तहसीलदार ब्यावर को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अपनी विभिन्न समस्याओं का जिक्र करते हुए उनका शीघ्र ही समाधान करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से पटवारियों ने बताया कि दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं होने के चलते अब उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतरना पड़ा है। हड़ताल पर बैठे पटवार संघ प्रदीप फागणा अध्यक्ष,शंकरलाल नायक ,महिपालमीणा, प्रेम प्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

# नौ दिन से लापता विवाहिता का शव फॉर्म पोंड मिला

## एमजी हॉस्पिटल में परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा हंगामा किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में नौ दिन से लापता एक विवाहिता का फॉर्म पोंड में शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुरुवार को एमजी हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।

- परिजनों का कहना था कि ससुराल पक्ष द्वारा छह लाख दहेज की मांग की जा रही थी

जानकारी के अनुसार चेतन बलाई की पत्नी माया पिछले नौ दिन से घर से लापता थी। ससुराल पक्ष ने गुमशुदगी दर्ज करवाते हुए उसकी तलाश शुरू की, इसी बीच गांव के ही एक खेत में बने फार्म पोंड में माया का सड़ा-गला शव मिला। पुलिस मृतका के शव को एमजी हॉस्पिटल की मोर्चरी लेकर पहुंची, जहां शव को सुरक्षित रखवाते हुए उसके



हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया।

परिजनों को सूचित किया गया। माया के पिता और अन्य परिजन एमजी अस्पताल पहुंचे और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों का कहना था कि पति, ससुर, सास, देवर, ननद और अन्य रिश्तेदारों द्वारा छह लाख दहेज की मांग करते हुए माया को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। ससुराल पक्ष की इन प्रताड़नाओं से तंग आकर माया अकाल मौत का शिकार हुई है। परिजनों का आरोप है कि उसे ससुराल पक्ष के लोगों ने ही मौत के घाट उतारकर फॉर्म पोंड में सबूत मिटाने की नियत से फेंक दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर मांडल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जांच शुरू की। साथ ही समझाइश करते हुए पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



नं.-7, 8 पर जडेजा और अश्विन जैसे बल्लेबाजों को होना भारत के लिए एक सच्चा वरदान है। जब भी प्रतिद्वंद्वी टीम सोचती है कि वे शीर्ष बल्लेबाजों को पवेलियन भेज चुके हैं, तभी उन्हें जडेजा और अश्विन से प्रतिरोध मिलता है। मैच में दोनों ने भारत की वापसी करायी है। - इरफान पठान

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, जडेजा और अश्विन की प्रशंसा की।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**

**ऋषभ पंत**



चेन्नई के मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में ऋषभ पंत 39 रन की पारी खेलकर आउट हो गए। लेकिन इस दौरान उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। पंत भारत के लिए दूसरे ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 से ज्यादा रन बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस लिस्ट में कई और खिलाड़ी भी हैं, लेकिन उनसे ज्यादा रन एक ही विकेटकीपर ने भारत के लिए बनाए हैं। वो एमएस धोनी हैं।भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज सबसे ज्यादा रन भारत के लिए बनाए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्व कप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

# संकट में फंसी भारतीय पारी को अश्विन और जडेजा का सहारा

## अश्विन के शतक, जडेजा की मजबूत साझेदारी से भारत ने मैच में बनाई पकड़

### तीसरे सत्र में विकेट को तरसे बांग्लादेशी गेंदबाज, भारत ने छह विकेट पर 339 रन बनाए



चेन्नई, 19 सितंबर। रविचन्द्रन अश्विन (नाबाद 102) के शतकीय प्रहार, रवींद्र जडेजा (नाबाद 86) और यशस्वी जायसवाल (56) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन छह विकेट पर 339 का स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।

आज दिन का खेल समाप्त होने के समय अश्विन (नाबाद 102) और जडेजा (नाबाद 86) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद रहे। अश्विन का टेस्ट कैरियर में यह छठा शतक है। दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सातवें विकेट के लिये 195 रनों की साझेदारी कर भारत की लड़खड़ती पारी को संभाला। अश्विन ने अपने बल्ले से फिर कामल दिखाते हुए 112 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुये नाबाद 102 रनों की पारी खेली।

इससे पहले भोजनकाल के बाद फिर बांग्लादेश के गेंदबाज हसन महमूद ने यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत के बीच बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने पंत को विकेट के पीछे लिटन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद नाहिद राणा ने यशस्वी जयसवाल को शादमन के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। जयसवाल-पंत की जोड़ी टूटी तो एक समय लगा कि राहुल, जायसवाल के साथ मिलकर पारी को संभाल लेंगे, लेकिन वह भी पांव जमाने के बाद चलते बने। ऋषभ पंत (39) यशस्वी जयसवाल (56) और केएल राहुल (16) रन बनाकर आउट हुए।

आज यहां एम चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 14 के स्कोर पर कप्तान रोहित शर्मा (छह) को हसन महमूद ने पवेलियन भेज दिया। उसके बाद शुभमन गिल (शून्य), विराट कोहली (छह) को भी हसन महमूद ने आउट किया। एक समय 34 के स्कोर पर तीन विकेट गवांने के बाद संकट में फंसी भारतीय पारी को यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत ने संभालने का प्रयास किया। सुबह के सत्र में लंच तक भारत ने 23 ओवर में तीन विकेट पर 88 रन बनाये लिये थे। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने चार विकेट लिये तथा नाहिद राणा और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अश्विन ने फिर मुश्किल परिस्थिति में जड़ा शतक



चेन्नई, 19 सितंबर। रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में अपने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ आलोचको को अपने बल्ले से जवाब देते हुए साबित कर दिया कि वह ऑलराउंडर हैं। अश्विन ऐसे समय बल्लेबाजी करने आये जब भारत 144 के स्कोर पर छह विकेट गवांकर संकट में था। इस दौरान उन्होंने तेजी से रन बटोरते हुए अपना टेस्ट करियर का छठा शतक महज 108 गेंदों में जड़ दिया। अश्विन से साबित कर दिया कि वह कुशल गेंदबाज ही नहीं एक बेहतरीन बल्लेबाज भी है और वह बल्लेबाजी का दमखम भी रखते हैं। अश्विन ने अपने घरेलू मैदान पर यह शतक बनाया है। यह बांग्लादेश के खिलाफ उनका पहला टेस्ट शतक है। उन्होंने भारतीय जमीं पर चार शतक बनाये है। जबकि दो अन्य शतक विदेशी जमीं पर बनाये हैं। अश्विन ने इस शतक से पहले टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ शतक बनाया तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ चार शतक लगा चुके है। अश्विन एकमात्र विश्व के ऐसे बल्लेबाज है जिन्होंने टेस्ट में छह शतक लगाये और 500 से अधिक विकेट ले चुके हैं। उन्होंने इस मैच में 58 गेंदों में अर्धशतक तथा 108 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। अश्विन ने अपनी इस शतकीय पारी में दो छक्के और 10 चौके लगाए।

## शाश्वत रावत का शतक से इंडिया-ए ने मैच में बनाई पकड़

अनंतपुर, 19 सितंबर। शाश्वत रावत (नाबाद 122) की शतकीय पारी के दम पर इंडिया ने अंशुल काम्बोज के झटको के बीच वापसी करते हुए गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के छठे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। आज यहां टॉस जीतकर इंडिया सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अंशुल काम्बोज और विजयकुमार वैशाख की घातक गेंदबाजी के आगे घुटने टेक दिये। एक समय इंडिया ए का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन था। प्रथम सिंह (6), मयंक अग्रवाल (6), तिलक वर्मा (5), रियान पराग (2) और कुमार कुशाग्र (शून्य) पर आउट हुए। ऐसे संकट के समय शाश्वत रावत और शम्स मुलानी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के लिये 87 रनों की साझेदारी हुई। गौरव यादव ने शम्स मुलानी (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तनुष कोटियान (10) रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

## चार बल्लेबाजों के अर्द्धशतक के कारण इंडिया-डी बड़े स्कोर की ओर, 5 विकेट पर 306 रन बनाए

अनंतपुर, 19 सितंबर। संजू सैमसन (नाबाद 89), देवदत्त पड्क्किल (50), श्रीकर भरत (52) और रिकी भुई (56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत इंडिया डी ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के पाचवें मुकाबले में पांच विकेट पर 306 रन के साथ बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। आज यहां इंडिया बी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया डी के देवदत्त पड्क्किल और श्रीकर भरत की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 105 रन जोड़े। नवदीप सैनी देवदत्त पडिक्कल (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मुकेश कुमार ने श्रीकर भरत (52) को भी आउट कर पवेलियन भेज दिया। रिकी भुई ने निशांत सिंधु के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। राहुल चाहर ने निशांत सिंधु (19) को आउट कर इंडिया डी को तीसरा झटका दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर (शून्य) और रिकी भुई (56) रन बनाकर आउट हुये। आज दिन का खेल समाप्त होने पर इंडिया डी ने पांच विकेट पर 306 रन बना लिये है और संजू सैमसन (नाबाद 89) और सारांश जैन (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

## पाकिस्तान की महिला टीम ने टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हराया

मुलतान, 19 सितंबर। मुनीबा अली (45) और कप्तान फातिमा सना (नाबाद 37) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान की महिला टीम ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 13 रनों से मात दी है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुनीबा अली 34 गेंदों में (45), कप्तान फातिमा सना 23 गेंदों में (नाबाद 37), निदा डार 21 गेंदों में (29), सिदरा अमीन 25 गेंदों में (28) और आलिया रियाज सात गेंदों में (नाबाद 17) रनों की पारियों के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 का स्कोर खड़ा किया था। दक्षिण अफ्रीका की ओर से टुमी सेखुखुने ने दो विकेट लिये। सुने लूस और अनरी डर्कसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजमिन ब्रिट्स (नौ) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। लॉरा वुलफार्ट 25 गेंदों में (36), अन्नेका बोश (24) और नडीन डी क्लर्क (12) रन बनाकर आउट हुई। सुने लूस की 29 गेंदों में (नाबाद 53) रनों की अद्धर्शतकीय पारी बेकार गई। क्लोई ट्राइऑन 16 गेंदों में (नाबाद 30) रनों पारी बेकार गई और वे अपनी टीम को 13 रनों की हार से नहीं बचा सके। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 168 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और नश्रा संधू ने दो-दो विकेट लिये।

# विलियम्सन और लैथम की फिफ्टी, ओरूर्क को 5 विकेट



### दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने 255/4 रन बनाए, श्रीलंका 50 रन से आगे

गाले, 19 सितम्बर। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच गाले में टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। मुकाबले के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 4 विकेट खोकर 255 रन बना लिए। टीम से केन विलियमसन ने 55 और टॉम लैथम ने 70 रन बनाए। श्रीलंका पहली पारी में 305 रन बनाकर ही सिमट गया था। टीम से कमिंडु मेंडिस ने 114 रन बनाए। न्यूजीलैंड से पहली पारी में तेज गेंदबाज विलियम ओरूर्क ने 55 रन देकर 5 विकेट लिए।

श्रीलंका ने दूसरे दिन 302/7 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम से रमेश मेंडिस ने 14 और प्रबाथ जयसूर्या ने 0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ओरूर्क ने 2 और एजाज पटेल ने एक विकेट लेकर श्रीलंका को ऑलआउट कर दिया। टीम अपने स्कोर में 3 रन ही जोड़ सकी। पहली पारी में न्यूजीलैंड से ओरूर्क के अलावा एजाज पटेल और ग्लेन फिलिप्स ने 2 विकेट लिए। जबकि टिम साउदी को एक सफलता मिली।

मिचेल सैंटनर और रचिन रवींद्र को कोई विकेट नहीं मिला। न्यूजीलैंड ने पहले ही सेशन में अपनी पारी शुरू कर दी। टीम से डेवोन कॉन्वे और टॉम लैथम ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। कॉन्वे 17 रन बनाकर आउट हुए। यहां से लैथम ने केन विलियमसन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 के पार पहुंचाया। लैथम 70 रन बनाकर आउट हुए। रचिन रवींद्र ने फिर विलमयमसन का साथ दिया और फिफ्टी पार्टनरशिप की, इस बार विलियमसन 55 रन बनाकर आउट हो गए। रचिन भी फिर 39 रन ही बना सके।

## निशानेबाजी मेरी प्राथमिकता, देश के लिये अधिक से अधिक पदक जीतना चाहती हूं : भाकर

नयी दिल्ली, 19 सितंबर। पेरिस ओलंपिक पदक विजेता भारतीय स्टार महिला निशानेबाज मनु भास्कर ने कहा कि निशानेबाजी मेरी प्राथमिकता है और मैं देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतना चाहती हूं। मनु भाकर ने आज यहां एनडीटीवी युवा कॉन्क्लेव कार्यक्रम में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा, मेरे जीवन का प्यार निशानेबाजी है और मैं जितना संभव हो निशानेबाजी करना चाहती हूँ और भारत के लिए अधिक से अधिक पदक जीतना चाहती हूँ। मुझे सजना-संवरना और दूसरी चीजे भी पसंद हैं, लेकिन निशानेबाजी मेरी प्राथमिकता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह एक दिन के लिए किसी एक एथलीट के साथ अपनी जिंदगी बदलना चाहेंगी, तो मनु ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो मैं किसी के साथ अपनी जिदगी बदलना नहीं चाहूँगी।

चाहे बुरा ही वक़्त चल रहा हो, मैं ऐसा नहीं करना चाहूँगी। गुस्से से निपटने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे भी गुस्सा आता है। लेकिन मैंने अपने गुस्से को सकारात्मक रूप में बदलना सीख लिया है। एक खिलाड़ी के लिए यह वाकई बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, जब भी कोई खिलाड़ी करियर की शुरुआत करता है, तो उसका सबसे बड़ा लक्ष्य ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना ही होता है। हर खिलाड़ी चाहता है कि वह पदक जीते और पोडियम पर खड़ा हो और मेरे मामले में भी कुछ ऐसा ही था। टोक्यो में पदक नहीं आया, पता नहीं इस बार कैसा होगा।



# मोहन बागान और रावशन कुलोब के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा

### मैच गोल रहित ड्रॉ रहने पर दोनों टीमों में अंक बांट दिये

मुम्बई, 19 सितंबर। एएफसी चैंपियंस लीग दो में भारतीय फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपर जायंटस और तजाकिस्तान के फुटबॉल क्लब रावशन कुलोब के बीच खेला गया मुकाबला गोल रहित ड्रा रहा। बुधवार रात यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में एएफसी चैंपियंस लीग 2 के ग्रुप ए में मोहन बागान और रावशन कुलोब के खेला गया रोमांचक मुकाबला गोल रहित ड्रा रहा। मैच के दौरान दोनों टीमों के पास गोल करने मौके थे, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठाने में विफल रहे। मोहन बागान ने शानदार शुरुआत करते हुए कुलोब टीम पर दबाव बनाते हुए उसे रक्षात्मक खेल के लिय मजबूर किया। 19वें मिनट में, दिमित्री पेट्राटोस ने गोल करने का शानदार प्रयास किया लेकिन कुलोब की रक्षापंक्ति ने उसे रोक दिया। 28वें मिनट में कुलोब के कोजो मैटिक ने बागान के डिफेंस के ऊपर से गेंद निकाली जिस पर मुहम्मदजोन रहीमोव को शॉट लगाया लेकिन बागान के सतर्क गोलकीपर विशाल कैथ ने रहीमोव के प्रयास को विफल कर दिया। 29वें मिनट में बागान के आशीष राय को पीला कार्ड दिखाया गया। इसके बाद 76वें मिनट और 88वें मिनट में गोल के मौके बने। आखिर में मैच गोल रहित ड्रा रहने पर दोनों टीमों में अंक बांट दिये गये।

## भारत चेस ओलिंपियाड की दोनों कैटेगरी में टॉप पर



नई दिल्ली, 19 सितम्बर। फिडे चेस ओलिंपियाड 2024 में भारत सात राउंड पूरा होने के बाद ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में 14 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। बुधबार को सातवें राउंड में ओपन कैटेगरी में 4 मैच खेले गए। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने चीन के वेई यी पर शानदार जीत हासिल की। उनकी इस जीत की बदौलत भारत ने चीन को 2.5-1.5 से हराया। वहीं तीन मैच ड्रॉ रहें। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में खेले जा रहे टूर्नामेंट में चार राउंड खेलने बाकी हैं। टूर्नामेंट का 11वां और फाइनल राउंड 22 सितंबर को खेला जाएगा। वहीं, भारतीय विमेन टीम बुधवार को 45वें चेस ओलिंपियाड में जॉर्जिया पर 3-1 की शानदार जीत के साथ अपना जीत का अभियान जारी रखा है। चार मैचों में ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने लेला जावाखिशविली और वंतिका अग्रवाल ने बेला खोतेनाश्विली को हराया।

## बुरे आचरण के कारण दिलीप समरवीरा पर लगा 20 साल का प्रतिबंध



ऑस्ट्रेलिया, 19 सितम्बर। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिलीप समरवीरा पर 20 साल का प्रतिबंध लगाया है। दरअसल, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओस रे दलीप समरवीरा के आचरण को बेहद निंदनीय करार दिया गया है। इस दौरान उन्हें क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, राज्य क्रिकेट के शंघों बीबीएल या डब्ल्यूबीबीएल के क्लबों में कोई भी पद नहीं होगा। 52 साल के दिलीप समरवीरा को क्रिकेट विक्टोरिया के कर्चमारी के रूप में सीए की आचार संहिता का गंभीर उल्लघंन करते हुए पाया गया था। सीए के आचार संहिता आयोग्य की ओर से उनके आचरण के बारे में शिकायत की गई है। इसके बाद क्रकेट ऑस्ट्रेलिया के इंटीग्रिटी विभाग की जांच पर 20 साल का प्रतिबंध लगाय गया। बता दें कि, दिलीप समरवीरा ने 1993 से 1995 के बीच श्रीलंका के खिला सात ट्ट और पांच वनडे मैच खेले थे। वह लंबे समय तक विक्टोरिया महिला और वूमिंस बिग बैश लीग मेलबर्न स्टार्क के सहायक कोच थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें इस साल की शुरुआत में विक्टोरिया महिला टीम के सीनियर कोच की भूमिका में प्रमोट किया जाना था, लेकिन प्रांत की नीतियों के कारण उनहें नियुक्ति देने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें इस पद पर काम करने के दो सप्ताह बाद ही इस्तीफा देना पड़ा था।

# मालविका चाइना ओपन में किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में

### नेहवाल और सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली मालविका चाइना पहली भारतीय महिला एकल शटलर बनी



चांगझोऊ, 19 सितंबर। भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ ने गुरुवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां एक घंटा और पांच मिनट तक चले मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को 21-17, 19-21,21-16 से हराया। इस जीत के साथ, वह साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला एकल शटलर बन गई हैं। पहले गेम में स्कॉटलैंड की खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की और बढ़त को बरकरार रखते हुए स्कोर को 11-5 से अपने हक में कर लिया था लेकिन इसके बाद मालविका ने गेम में वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल करते हुए पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई और एक बार फिर गिल्मर ने बढ़त हासिल की और दूसरे गेम में 21-19 से जीत दर्ज कर मैच को तीसरे और निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। निर्णायक गेम की शुरुआत से बंसोड़ गिल्मर पर हावी रही और 10-2 से बड़ी बढ़त हासिल कर ली। गिल्मर इस गेम को जीतने का पूरा प्रयास रही थीं और स्कोर को 20-16 तक पहुंचा दिया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और बंसोड़ मैच जीतने में कामयाब रहीं।

पहले राउंड में बसोड़ ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया था। पांच मैचों में गिल्मर पर अपनी तीसरी जीत हासिल करने के बाद मालविका ने कहा, यह निश्चित रूप से मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। कल मैंने ग्रेगोरिया के खिलाफ जीत हासिल की। यह पहली बार है जब मैं सुपर 1000 में क्वार्टरफाइनल खेलूंगी, इसलिए यह एक सपना सच होने जैसा है, मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मालविका क्वार्टरफाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से मुकाबला करेंगी। भारतीय शटलर ने कहा, यह उनके (यामागुची) साथ तीसरी बार है। मैं सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करूंगी। मैं अच्छी फॉर्म में हूं, इसलिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी। दूसरे मैच में मेरा मुकाबला काफी करीबी रहा था, मैं 25-23, 21-19 से हार गई थी, इसलिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश के खिलाफ फ्लॉप साबित हुए विराट

## पिछली पांच पारियों में नहीं चला कोहली का बल्ला



चेन्नई, 19 सितंबर। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में सस्ते में पवेलियन लौट गए। चेन्नई में खेले जा रहे मुकाबले में हसन महमूद ने उन्हें आउट किया। विराट कोहली ऑफ स्टंप के काफी बाहर जाती गेंद पर अपना बल्ला लगा बैठे और गेंद बैट का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में समा गई। कोहली करीब 8 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं लेकिन पहली पारी में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके। विराट कोहली का 2022 के बाद से बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ पिछली बांच पारियों में कोहली के बल्ले से ज्यादा रन नहीं निकले हैं और तीन बार वह सिंगल डिजिट पर ही आउट हो गए हैं। पिछली पांच पारियों में विराट कोहली ने सिर्फ 51 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने टेस्ट में आखिरी अर्धशतक साउथ अफ्रीका के खिालाफ दिसंबर 2023 में लगाया था। विराट कोहली (6) का मैदान में उतरने पर तालियों की गड़बड़ाहट से स्वागत हुआ लेकिन वह भी टिक नहीं सके। महमूद ने ऑफ स्टम्प से बाहर गेंद डाली जिस पर बल्ला अड़ाने का खामियाजा विराट ने भुगतान और विकेट के पीछे लिटन ने कैच लपक लिया।

# पांच साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का हमारा लक्ष्य- मुख्यमंत्री

## चित्तौड़गढ़ के अनगढ़ बावजी परिसर में मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया, गौशाला को वित्तीय सहायता की घोषणा की

■ **मुख्यमंत्री ने भैंसरोड़गढ़ सैंक्चुएरी कूनो नैशनल पार्क से जोड़ने वाले कॉरिडोर तथा सफारी के लिये मध्य प्रदेश से एम.ओ.यू. व फीज़बिलिटी रिपोर्ट की तैयारी की जानकारी भी दी।**

मंडफिया, 19 सितम्बर (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को चित्तौड़गढ़ के नरबदिया परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने "हरियालो राजस्थान" के अन्तर्गत प्रदेश में 7 करोड़ से अधिक पेड़ लगाएं हैं और एक दिन में दो करोड़ पेड़ लगाने का कीर्तिमान बनाया है। हमने पांच साल में 50 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है और वर्ष 2027 तक किसानों को दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, उद्योग एवं घरेलू उपभोक्ताओं को भी पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग, पर्यटन, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए पानी की आवश्यकता होती है। इसको ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ई.आर.सी.पी., देवास परियोजना, इंदिरा गांधी नहर एवं यमुना जल समझौता जैसे अहम कदमों से राज्य में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गतिशील है।

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार अनगढ़ बावजी परिसर में स्थित गौशाला को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, उन्होंने भादसोड़ा उप तहसील को तहसील बनाने एवं अनगढ़ बावजी स्थित विद्यालय का क्रमोन्नयन करने की मांग पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने चित्तौड़गढ़ के लिए बजट में कई घोषणाएं की हैं, जिनकी त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा, भैंसरोड़गढ़ सैंचुरी को कूनो नेशनल पार्क से जोड़ते हुए चीतों के विचरण के लिए कॉरिडोर एवं सफारी के लिए मध्यप्रदेश के साथ एम.ओ.यू. करते हुए फीज़िबिलिटी स्टडी करवाई जा रही है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से बात कर ली गई है।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने कहा कि आने वाले समय में अनगढ़ बावजी बड़ा भक्ति- केन्द्र बनेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एंव देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन में पेड़ का बड़ा महत्व है। उन्होंने गौशालाओं के लिए राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान की जानकारी दी और लोगों को इनका लाभ उठाने को प्रेरित किया। सांसद सी पी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चित्तौड़गढ़ को सड़क, अस्पताल, महाविद्यालय, जी.एस.एस. जैसी कई सौगातें दी हैं। कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने सभी से मां के नाम एक पेड़ लगाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने क्षेत्र को विकास की कई सौगातें दी हैं।

निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरे चित्तौड़गढ़ जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखी है। आने वाले समय में अनगढ़ बावजी पूरे देश और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक केन्द्र बनने जा रहा है। इस मौके पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री जोराराम कुमावत, राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, सांसद सी.पी. जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी, अर्जुनलाल जीनगर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।

## हरियाणा में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले एस.सी./एस.टी./ ओ.बी.सी. विद्यार्थियों को पूरी छात्रवृत्ति दी जायेगी। पिछड़े वर्गों के उद्यमी 25 लाख रु. के ब्याज -मुक्त ऋण के पात्र होंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अरावली को 10,000 एकड़ में फैले अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सफारी का रुप दिया जायेगा।

घोषणा पत्र जारी करने से पहले नड्डा ने कहा, "हमारे लिये सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम घोषणा पत्र को कैसे देखते हैं। कांग्रेस ने चुनाव घोषणा पत्र को एक असंगत एवं अप्रांसगिक दस्तावेज जैसा बनाने की परम्परा शुरु की थी। उनके (कांग्रेस) लिये, यह दस्तावेज एक औपचारिकता मात्र था। 10 साल पहले, हरियाणा की छवि क्या थी- यह पर्ची-खर्ची भर्तियों, जमीन-घोटालों के लिये जाना जाता था, लोग ऐसी गलत भर्तियों, किसानों की जमीनें हड़पने, भू-उपयोग बदलने को लेकर जेल जाते थे। पूर्ववर्ती प्रत्येक सरकार भ्रष्ट-व्यवस्था के लिये जानी जाती थी। आज, मैं समझाऊँगा कि यह दस्तावेज, यह घोषणा पत्र हमारे लिये अत्यधिक महत्व क्यों रखता है।"

## कोलकाता के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सेवाएं निलंबित रहेंगी।

जानकारी के अनुसार, जूनियर डॉक्टरों की तरफ से शुक्रवार दोपहर 3 बजे स्वास्थ्य भवन से सीबीआई दफ्तर तक जुलूस निकाला जाएगा।

# आर.ए.एस. प्रियंका विश्नोई का अहमदाबाद के अस्पताल में निधन

## विश्नोई समाज के लोगों ने जोधपुर के हॉस्पिटल व डॉक्टर के खिलाफ एफ.आई.आर. की मांग पर धरना दिया

■ **चार घंटे धरने के बाद शव उठाने पर सहमति बनी तथा फलौदी के सुरपुरा में शाम को अंतिम संस्कार हुआ।**

■ **सरकार की गाइडलाइन के अनुसार, जाँच के लिये मैडिकल टीम गठित हो गयी हैं। रिपोर्ट आने के बाद पुलिस मामला दर्ज कर सकती है।**

जोधपुर, 19 सितम्बर (कासं)। 2016 बैच की आर ए एस अधिकारी प्रियंका विश्नोई (33) का 13 दिन चले इलाज के बाद बुधवार देर रात अहमदाबाद के हॉस्पिटल में निधन हो गया। पांच सितंबर को जोधपुर के वसुंधरा हॉस्पिटल में उनकी बच्चेदानी का ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई थी। परिवार वाले उन्हें सिम्स (अहमदाबाद) ले गए थे। परिवार वालों ने वसंधुरा हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

आज सुबह लोगों को जब उनके निधन का समाचार मिला तो शहर में शोक की लहर छा गई। करीब 11 बजे विश्नोई समाज के लोग एम्स के पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर धरने पर बैठ गए और आरोपी डॉक्टर-हॉस्पिटल के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग पर अड़ गए।

डी.सी.पी. वैस्ट, राजश्री राज वर्मा की अध्यक्षता में बनी टीम ने विश्नोई समाज के लोगों से बात की। टीम ने बताया कि सरकार की गाइड लाइन के अनुसार, इस मामले की जांच के लिए मेडिकल टीम गठित कर दी गई है। टीम की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पुलिस मामला दर्ज कर सकती है। इसके बाद शव उठाने पर सहमति बनी और करीब साढ़े चार घंटे बाद धरना खत्म हो गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन प्रियंका विश्नोई का शव लेकर सुरपुरा के लिए रवाना हो गए। प्रियंका का अंतिम संस्कार फलोदी के सुरपुरा (ससुराल) में किया गया।

प्रियंका 2016 बैच की (राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस) अफसर थीं। हाल ही में उनका ट्रांसफर नगर निगम उपायुक्त पद पर हुआ था।

जानकारी के अनुसार, प्रियंका विश्नोई को पेट दर्द होने की शिकायत पर जोधपुर के वसुंधरा हॉस्पिटल में 5 सितंबर को भर्ती करवाया गया था। इसी दिन शाम को डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया था। 6 सितंबर को उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और जब हालात में सुधार नहीं हुआ तो 7 सितंबर को परिवार वाले उन्हें अहमदाबाद के सिम्स हॉस्पिटल ले गए, जहां 18 सितंबर की रात को प्रियंका ने दम तोड़ दिया। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे प्रियंका का शव जोधपुर के एम्स में पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया।समाज के प्रतिनिधि रामनिवास विश्नोई बुधनगर ने बताया कि मामूली तकलीफ होने पर प्रियंका विश्नोई को वसुंधरा हॉस्पिटल ले गए थे। डॉक्टर्स ने बिना किसी प्रारंभिक जांच के एक ही दिन में ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद तबीयत बिगड़ी तो परिजन उन्हें अहमदाबाद ले गए, जहां बुधवार रात को उनकी मौत हो गई।

## चीन अपने कर्मचारियों ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चाहिए। तथापि, यदि चीन अपनी आबादी की वर्किंग लाईफ बढ़ाता है तो इस बदलाव में कुछ देरी हो सकती है।

चीन का बढ़ा हुआ कामकाजी जीवन उसके आर्थिक विकास को बनाए रखने में मदद कर सकता है, लेकिन, भारत को भी लाभ हो सकता है क्योंकि कम्पनियां भू-राजनीतिक कारकों (जिओपोलिटिकल फैक्टर्स) की अपनी सप्लाई चेन को डायवर्सिफाय करती हैं। भारत का बढ़ता हुआ वर्कफोर्स लंबे समय में एक आकर्षक विकल्प हो सकता है।

इसमें एक सामाजिक नीति का सबक है, क्योंकि आने वाले दशकों में भारत की आबादी भी बूढ़ी होती जाएगी।

यदि चीन, नियमित रूप से रिटायरमैंट आयु में वृद्धि करके अपनी वृद्ध होती आबादी को सफलतापूर्वक मैनेज करता है, तो भारत भी भविष्य में ऐसे कदम उठाने के बारे में सोच सकता है।

कुल मिलाकर, चीन की सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि, ग्लोबल लेबर डायनैमिक्स को प्रभावित कर सकती है तथा भारत के लिए चुनौतियाँ व अवसर दोनों प्रदान कर सकती है।

## मुंबई के पूर्व पुलिस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में शामिल पर सवाल पूछने का कोई हक नहीं है। असलम शेख के मुताबिक संजय पांडे जैसे पढ़े लिखे लोगों का कांग्रेस में स्वागत है।

बता दें कि 1986 बैंच के आई.पी.एस. मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे को 2009 से 2017 तक एनएसई कर्मचारियों के कथित अवैध फोन टैपिंग के मामले में ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। पांच महीने जेल में रहने के बाद संजय पांडे को दिसंबर 2022 में बेल मिली थी। संजय पांडे मुंबई के पुलिस कमिश्नर के साथ साथ महाराष्ट्र के डीजीपी भी रह चुके हैं। पूर्व अधिकारी संजय पांडे शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के भी करीबी माने जाते रहे हैं।

संजय पांडे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-कानपुर के पूर्व छात्र हैं, इसके बाद उन्होंने मुंबई में क्रॉम्पटन ग्रीव्स में इंटर्नशिप की। वह 1986 में आईपीएस बने, जहां वह सहायक पुलिस अधीक्षक थे और 1990 में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। 1992-93 में मुंबई में सांप्रदायिक दंगों के दौरान, वह पुलिस उपायुक्त थे, जब उन्होंने कुख्यात मोची घोटाले का खुलासा किया तो उन्हें डीसीपी के रूप में आर्थिक अपराध शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया।

## नड्डा ने कहा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

टिप्पणी करते हुए नड्डा ने लिखा कि आप ने प्रधानमंत्री को जो पत्र लिखा है वह "फेल्ड प्रॉडक्ट" राहुल गांधी को प्रमोट करने का प्रयास है, जिसे जनता ने बार-बार ठुकराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी जम्मू-कश्मीर व हरियाणा की जनसभाओं में लगातार राहुल गांधी पर जोरदार हमला कर रहे हैं।

## 'अमेरिका, रूस ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करने का दावा किया। इन दिनों यूक्रेन काफी सफल हमले कर रहा है तथा जैसे क्रीमिया जैसे लक्ष्यों पर हमला करने में उसे काफी सफलता मिली है। फ्रांस और ब्रिटेन यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए अपनी लम्बी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने देने में काफी मुखर रहे हैं। उन्होंने यूक्रेन को अनुमति दी है कि उनके द्वारा दिए गए हथियारों का वह रूस के खिलाफ दुरुपयोग करे। अब पश्चिमी यूरोप चर्चा कर रहा है कि क्या यूक्रेन को रूस पर हमले के लिए उसके हथियार इस्तेमला करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस बीच रूस ने चेतावनी दी है कि ऐसा करने वे रूस के साथ युद्ध की स्थिति में पहुंच जाएंगे।

## हाय राम, तिरुपति लड्डू...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

थे, तो किसी भी बात पर विश्वास किया जाता है।"

रोचक बात यह है कि इस समय तिरुपति लड्डुओं के लिये घी की सप्लाई 'कर्नाटक मिल्क फेडरेशन' द्वारा की जा रही है। जिसे तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम को घी की सप्लाई का ठेका मिला था।

जहाँ जगनमोहन रेड्डी ने इन आरोपों को बकवास बताया है, वहीं सोशल मीडिया 'एक्स' इस मुद्दे पर हिन्दू संगठनों तथा आन्ध्र प्रदेश एवं केन्द्र के मंत्रियों की प्रतिक्रियाओं से भरा पड़ा तथा पूर्व मुख्यमंत्री की जबरदस्त आलोचना हो रही है। टी.डी.पी., तथा भाजपा के लिये भी, मुद्दा ईश्वरीय देन के रुप में आया है तथा ये दोनों ही पार्टियाँ इस मुद्दे के साथ पूर्व मुख्यमंत्री राजनैतिक करियर खत्म करने मंदिर नगरी जा रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के लिये इस आरोप की काट करना बहुत मुश्किल दिखाई दे रहा है क्योंकि मीडिया भी राज्य और केन्द्र में गठबंधन सरकारों के साथ है।

आन्ध्र प्रदेश के आई.टी. मंत्री तथा मुख्यमंत्री के पुत्र नारा लोकेश ने पूर्ववर्ती सरकार पर प्रहार करते हुये कहा है, "तिरुमाला का भगवान वैंकटेश्वर स्वामी मंदिर हमारा सर्वाधिक पवित्र मंदिर है। मुझे यह जानकर बड़ा धक्का लगा है कि जगनमोहन रेड्डी प्रशासन तिरुपति प्रसादम में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल करता था।"

टी.टी.डी. के पूर्व अध्यक्ष तथा वाई.एस.आर. सी.पी. के वरिष्ठ नेता वाई.वी. सुभा रेड्डी ने नायडू के आरोपों को "दुर्भावनापूर्ण" बताया और कहा, "तिरुमाला प्रसादम के बारे में उनकी टिप्पणी अत्यधिक दुर्भावनापूर्ण हैं। कोई भी व्यक्ति इस प्रकार के शब्द नहीं बोल सकता, इस प्रकार के आरोप नहीं लगा सकता।" लेकिन कुछ मीडिया समूह लेबोरेट्री की रिपोर्ट सर्कुलेट कर रहे हैं, जो नायडू के आरोपों की पुष्टि कर रही हैं।

मीडियाकर्मियों द्वारा सोशल मीडिया 'एक्स' पर डाली गई कुछ पोस्टों के अनुसार, "टैस्ट रिपोर्ट तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में बीफ फैट तथा फिश ऑयल की पुष्टि कर रही हैं।"

एक अन्य पोस्ट कहती है, कि नेशनल डेयरी बोर्ड ने इस बात की पुष्टि की है कि गाय की चरबी, सूअर की चरबी तथा मछली का तेल तिरुमाला प्रसादम में पाये गये। लेकिन इस लेख के लिखे जाने तक, इन टैस्ट रिपोर्टों की सच्चाई अधिकृत सूत्रों के स्पष्ट बयानों से अभी तक ज्ञात नहीं हुई है।






राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908